हरिभूमि
# रायपुर भूमि




रायपुर। रामनवमी पर शहर में बुधवार को उत्सवी माहौल रहा। मंदिरों में जहां धूमधाम से राम जन्मोत्सव मनाया गया। वहीं शहर की सड़कों पर श्रद्धापूर्वक जंवारा जुलूस निकाला गया। कई जगहों पर भंडारे का भी आयोजन किया गया।

## खबर संक्षेप

### सूने मकान से वायर पंप चोरी, नाबालिग सहित 4 गिरफ्तार

रायपुर। पुरानी बस्ती थाने की पुलिस ने सूने मकान से वायर, पंप चोरी करने के आरोप में नाबालिग सहित चार शातिरों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से छह हजार रुपए कीमत का चोरी का सामान बरामद किया है। वायर, मोटर पंप चोरी करने के आरोप में गौरव सोनी उर्फ अंशुल, टिकेश्वर भोई, केशव निर्मलकर तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया गया है। बदमाशों को पुलिस ने भाठागांव के पास चोरी के मोटर पंप बेचते गिरफ्तार किया है।



### आपसी रंजिश के कारण मारपीट

रायपुर। डीडीनगर थाना में एक एसी मेकैनिक ने दो लोगों के खिलाफ आपसी रंजिश के कारण मारपीट कर हथेली में नुकीली चीज से हमला कर चोट पहुंचाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। लक्ष्य राव ने ओम कटरिया, मोहित बोरकर के खिलाफ मारपीट करने की शिकायत दर्ज कराई है। लक्ष्य ने पुलिस को बताया है कि चंगोराभाठा में वह राशन सामान खरीदने गया था, इस दौरान बदमाशों ने उसके साथ मारपीट की।

### कार के डिवाइडर में टकराने से चालक की मौत

रायपुर। अभनपुर थाना क्षेत्र में कार के डिवाइडर से टकराने से कार चालक की मौत हो गई, पुलिस मर्ग कायम कर मामले की जांच कर रही है। मंगलवार तड़के आदित्य घाटगे, दिग्विजय पवार कार से अभनपुर के रास्ते रायपुर आ रहे थे। कार दिग्विजय चला रहा था। कोलार चौक के पास दिग्विजय कार की रफ्तार कंट्रोल नहीं कर पाया और कार डिवाइडर पर चढ़ गई। गंभीर चोट लगने की वजह से दिग्विजय की मौके पर ही मौत हो गई।

### नौ क्विंटल एल्यूमिनियम सिल्ली की चोरी

रायपुर। धरसींवा थाना में एक एल्यूमिनियम कंपनी के केयर टेकर ने अज्ञात के खिलाफ गोदाम की दीवार फांदकर नौ क्विंटल एल्यूमिनियम सिल्ली चोरी कर ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। रवि गोयल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। रवि ने पुलिस को बताया है कि धनेली स्थित मान एल्यूमिनियम लिमिटेड में अज्ञात चोर ने 10 दिन पूर्व सात अप्रैल को गोदाम की दीवार तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है।

मारे गए नौ नक्सलियों के इनामी होने की पुष्टि, बाकी की शिनाख्ती की जा रही

# मारा गया शंकर राव नक्सली मिलिट्री दलम का था इंटेलिजेंस चीफ, ललिता एरिया कमेटी की इंचार्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

हरिभूमि फॉलोअप

सबसे बड़ी मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों में शंकर राव बड़ा लीडर था। अफसरों के मुताबिक शंकर नार्थ बस्तर डिविजन के बड़े नक्सली नेताओं में शामिल था। वह राव मेडिकल टीम का इंचार्ज होने के साथ ही अपने डिवीजन का मिलिट्री इंटेलिजेंस चीफ था। शंकर राव दहशत का दूसरा नाम था। शंकर राव के नाम की दहशत आम लोगों के साथ पुलिस के बीच थी। शंकर राव के बारे में बताया जाता है, वह एलएमजी के साथ एके-47 जैसे घातक हथियार चलाने में माहिर था। शंकर राव का दखल छत्तीसगढ़ के साथा ओडिशा तथा तेलंगाना के नक्सलियों के बीच भी होने की बात सामने आई है।

राज्य के इतिहास में पहली बार थोक में 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना के बाद केंद्रीय बलों के साथ राज्य पुलिस नक्सलियों के खिलाफ लगातार अभियान जारी रख नक्सलियों के खात्मा करने की बात कह रही है। एडीजी नक्सल विवेकानंद सिन्हा ने हरिभूमि से चर्चा करते हुए बताया कि 29 नक्सलियों को मौत के घाट उतारे जाने के बाद संवेदनशील क्षेत्रों में सर्चिंग तेज की गई है। साथ ही अफसर ने आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखते हुए शांतिपूर्ण चुनाव कराने सुरक्षा संबंधी हरसंभव कदम उठाने की जानकारी दी है। एडीजी नक्सल श्री सिन्हा के मुताबिक मुठभेड़ में मारे गए 29 नक्सलियों ▶▶ शेष पेज 13 पर

### शंकर राव इंटिलिजेंस चीफ था


हरिभूमि
मार गिराए 29
इनमें टॉप कमांडर भी

#### ललिता परतापुर एरिया कमेटी इंचार्ज थी

एडीजी एंटी नक्सल श्री सिन्हा के मुताबिक ललिता परतापुर एरिया कमटी के साथ वह डिविजनल कमेटी की भी इंचार्ज थी। साथ ही जनताना सरकार की प्रभारी थी। अफसर के अनुसार मंगलवार की घटना के बाद नक्सलियों को भारी नुकसान हुआ है।

## जवाबी फायरिंग में सबको मार गिराया गोली लगी, फिर भी तीन घंटे लड़ते रहे

छोटे बेठिया के कलप जंगल में बांस की झाड़ियों के बीच नक्सली झुंड में बैठे थे..। फोर्स को देखते ही बौखलाकर उन्होंने गोली चलाना शुरू कर दिया। हमने जवाबी फायरिंग की और सबको मार गिराया। मुठभेड़ के दौरान पैर में दर्द और खून बहता देखा, तो पता चला कि गोली लगी है, मगर डरे बिना तीन घंटे तक नक्सलियों से लड़ते रहे। मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से घायल हुए बीएसएफ के एसआई रमेश चौधरी ने हरिभूमि को अपनी शौर्यगाथा सुनाई। उन्होंने बताया कि सर्चिंग के दौरान सूचना मिली कि छोटे बेठिया थाना के कलप जंगल में नक्सली पहाड़ी और बांस की झाड़ियों के बीच डेरा जमाकर बैठे हैं। सर्चिंग पार्टी ने ▶▶ शेष पेज 13 पर




- अस्पताल में भर्ती बीएसएफ के एसआई रमेश चंद्र ने बताई शौर्य गाथा
- पहाड़ी और बांस की झाड़ियों के बीच डेरा जमाकर बैठे थे नक्सली

## शहर के बिल्डर्स करेंगे पांच सड़कों का सौंदर्यीकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

रायपुर शहर की 5 प्रमुख सड़कों की देखरेख और सौंदर्यीकरण का कार्य बिल्डर सीएसआर मद से करने राजी हुये हैं। 4 बिल्डरों ने वीआईपी रोड, एक्सप्रेस वे, गौरवपथ, जीई रोड और केनाल लिंक रोड को संवारने की जिम्मेदारी ली है। इससे आने वाले दिनों में इन सड़कों की सुंदरता बढ़ेगी। प्रमुख मार्ग की 5 सड़क और डिवाइडर पर पौधा रोपण के साथ आकर्षक लैंडस्कैपिंग कार्य कराया जायेगा।

- सीएसआर मद से लैंडस्कैपिंग, पौधा रोपण और डिवाइडर चमकाएंगे

नगर निगम प्रशासन ने शहर की मुख्य सड़कों की देखरेख और सौंदर्यीकरण का जिम्मा शहर के बिल्डरों को देने का निर्णय लिया है। गांधी सदन में गत दिनों निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने शहर के बिल्डरों और मॉल संचालकों की बैठक लेकर शहर को संवारने में इनसे सीएसआर मद के तहत सहयोग मांगा। चर्चा बाद 4 बिल्डर इस कार्य के लिये सहमत हुये। चिन्हांकित प्रमुख सड़कों के सौंदर्यीकरण का प्रस्ताव बनाकर नगर निगम बिल्डरों को इसकी जिम्मेदारी सौंपेगा। सूत्रों के मुताबिक हीरा ग्रुप ने एक्सप्रेस वे और वीआईपी रोड के आधे हिस्से के सौंदर्यीकरण, पटवा बिल्डर ने शंकर नगर चौक की देखरेख, लैडस्कैपिंग सहित पौधारोपण का कार्य कराने सहमति दी है। अंबुजा ग्रुप को अंबुजा मॉल के आसपास की सड़कों को आकर्षक स्वरूप देने और पौधों की देखभाल का जिम्मा दिया गया है।

### इन सड़कों को भी चमकाया जाएगा

इसके अलावा विधानसभा रोड, ओसीएम चौक, कबीर चौक का सौंदर्यीकरण, रोड डिवाइडर को चमकाने और पौधों की देखभाल, साफ-सफाई का जिम्मा बिल्डरों ने लिया है।

# आबकारी घोटाले में नहीं मिला संतोषजनक जवाब, फिर रिमांड मांगेगी जांच एजेंसी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

कथित तौर पर दो हजार करोड़ से ज्यादा शराब घोटाले में किंग पीन अनवर ढेबर, एपी त्रिपाठी के साथ अरविंद सिंह की गुरुवार को ईओडब्लू की रिमांड समाप्त हो रही है। तीनों आरोपियों को ईओडब्लू गुरुवार को कोर्ट में पेश करेगी। तीनों से पूछताछ में संतोषजनक जवाब नहीं मिलने की वजह से जांच एजेंसी तीनों को एक बार फिर से रिमांड पर लेने कोर्ट में आवेदन पेश कर सकती है। शराब घोटाले की गुत्थी सुलझाने ईओडब्लू के अफसर तीनों को आमने-सामने बैठाकर पूछताछ भी कर चुकी है, बावजूद इसके तीनों ने जांच एजेंसी को गोल-मोल जवाब देकर बचने की कोशिश की।

गौरतलब है, ईओडब्लू की रिमांड पर लिए गए अरविंद सिंह, अनवर ढेबर के साथ एपी त्रिपाठी से अफसरों ने शराब से जुड़े सिंडिकेट के साथ शराब आपूर्ति करने की चेन, होलोग्राम से नकली शराब खपाने को लेकर आमने-सामने बैठाकर सवाल पूछे। इस पर तीनों ने किसी भी तरह से सिंडिकेट में शामिल होने की ▶▶ शेष पेज 13 पर

### आबकारी के पूर्व आयुक्त सहित शराब से जुड़ी कंपनियों को नोटिस


शराब घोटाला मामले में अनवर ढेबर, अरविंद सिंह की चार दिनों की रिमांड बढ़ी

- अरविंद, अनवर, एपी त्रिपाठी की रिमांड खत्म होने के बाद आज कोर्ट में पेशी

#### अब तक दस से ज्यादा के बयान दर्ज

सूत्रों के मुताबिक ईओडब्लू के अफसरों ने शराब घोटाला मामले में अब तक दस से ज्यादा लोगों के बयान दर्ज कर लिए हैं। इसके साथ शराब कारोबार से जुड़ी कंपनियों को पूछताछ के लिए नोटिस जारी कर रायपुर तलब किया है। जिन शराब कंपनियों को नोटिस जारी किया गया है, उनमें से कई दिल्ली की कंपनियां हैं। जिन कंपनियों को नोटिस जार किया गया है, वे कंपनियां शराब की सप्लाई, परिवहन, होलोग्राम बनाने से लेकर प्लेसमेंट का काम करती हैं।

#### अनवर के चहेतों को लाइसेंस

ईडी के अफसरों ने राज्य की जांच एजेंसी को जो रिपोर्ट दी है, उस रिपोर्ट में शराब कंपनी किस तरह से सिंडिकेट बनाकर नेक्सेस चलाती थी, इस बारे में विस्तार से उल्लेख किया है। ईडी ने ईओडब्लू को जो रिपोर्ट दी है, उसके मुताबिक एफएल-10 ए का लाइसेंस अनवर ढेबर की तीन चहेती फर्म मेसर्स नैक्सेजेन पॉवर इंजीटेक प्राइवेट लिमिटेड, मेसर्स ओम साईं ब्रेवरेज प्राइवेट लिमिटेड तथा मेसर्स दीशिता वेंचर्स प्राइवेट लिमिटेड को दिया गया। अनवर ढेबर की चहेते कंपनियां शराब बनाने वाली कंपनियों से शराब उपलब्ध कराकर 10 प्रतिशत तक लाभ कमाते थे। उक्त लाभ में से 60 प्रतिशत सिंडिकेट तथा 40 प्रतिशत राशि लाइसेंस धारकों के पास पहुंचने का आरोप है।





सीनियर सिटीजन ज्वाइंट क्लीनिक
हर शुक्रवार हड्डी व जोड़ों के दर्द की निःशुल्क परामर्श ओपीडी सेवाएं

डॉ. अंकुर सिंघल
MS Ortho (Mumbai), FJRS (USA)
FJRS (UK) FJRS (GERMANY)
Fellowship in Partial Knee Replacement Surgery (Ahemdabad)

डॉ. प्रतीक धाबलिया
M.S. Ortho (Mumbai)
MRCS(a) (London, UK) FIJR (Mumbai)
Fellowship in Robotic Joint Replacement (Mumbai)

घुटना एवं हिप घिसने के लक्षण
- जोड़ों में असहनीय दर्द होना, अकड़न एवं सुजन
- चलने में परेशानी होना
- जोड़ों से आवाज आना
- सीढ़ी चढ़ने व उतरने में परेशानी
- पांव नहीं मोड़ पाना
- उखरू बैठने में तकलीफ
- घर के काम नहीं कर पाना

लैब और रेडियोलॉजी टेस्ट पर
20% की छूट
बोन मिनरल डेंसिटी टेस्ट फ्री

ऐसे लक्षण होने पर तुरंत हमारे एक्सपर्ट की सलाह लें.

श्रेष्ठ एवं विश्वसनीय
रामकृष्ण केयर हॉस्पिटल
पचपेड़ी नाका, धमतरी रोड, रायपुर । अपॉइंटमेंट: 07716165656, 6260882347

MAHESHWARI 4454



आवश्यकता है

AN बुल कंस्ट्रक्शन इक्युपमेंट बैकहोलोडर के लिये
- सेल्स एग्जीक्यूटिव -
महासमुंद-1 धमतरी-1 दुर्ग/राजनांदगांव-1 बलौदाबाजार-1
जगदलपुर-1 बिलासपुर-1
- टेक्निशियन रायपुर -2

DELTIC E-Rickshaw के लिये
- सेल्स एग्जीक्यूटिव रायपुर -2 • टेक्निशियन -1

स्वराज ट्रैक्टर के लिये
- सेल्स एग्जीक्यूटिव आरंग -2, अभनपुर-1

हार्वेस्टर के लिये
ट्रक बॉडी-हार्वेस्टर और चेन - हार्वेस्टर के लिए
- सेल्स एग्जीक्यूटिव रायपुर-2

बुल मशीन ट्रैक्टर अटेचमेंट लोडर के लिये
- सेल्स एग्जीक्यूटिव
रायपुर-1 जगदलपुर-1 बिलासपुर-1 राजनांदगांव-1 अंबिकापुर-1

A.N. AUTOMOBILE
Infront of Govt. School, Main Road, Devpuri, Raipur
9826029023, 7089000188


# गर्मी का कहर शुरू, तिल्दा 43 रायपुर का पारा 41 डिग्री पहुंचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

मौसमी तंत्रिका के कमजोर होने के बाद प्रदेश में गर्मी का कहर शुरू हो गया है। बुधवार को तिल्दा का तापमान 43 डिग्री से अधिक हो गया, वहीं रायपुर का पारा 41 डिग्री तक पहुंच गया।

- अभी और बढ़ने के आसार, 44 का रिकार्ड टूटने की उम्मीद

तापमान बढ़ने की वजह से अब धूप से जलन महसूस होने लगी है। माना जा रहा है कि महीने के अंत तक 44 डिग्री का रिकार्ड पीछे छूट सकता है। मौसम विज्ञान केंद्र के मुताबिक राज्य में हवा की दिशा में बदलाव के साथ आने वाले दिनों में बादल छाने ▶▶ शेष पेज 13 पर



### प्रमुख शहरों का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 41.0 | +2 |
| माना | 40.4 | +1 |
| बिलासपुर | 41.0 | +1 |
| पेंड्रा | 38.9 | +2 |
| अंबिकापुर | 38.2 | +1 |
| जगदलपुर | 40.6 | +3 |
| दुर्ग | 39.8 | 0 |

मौसमी तंत्र के कमजोर हो जाने के कारण प्रदेश में कल 18 अप्रैल को मौसम मुख्यतः शुष्क रहने की संभावना है। प्रदेश में अधिकतम तापमान में वृद्धि संभावित है।

## खबर संक्षेप




### कबीर नगर में मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर।** नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित पण्डित जवाहरलाल नेहरू वार्ड के कबीर नगर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के गोल चौक पर एआईजी ट्रैफिक संजय शर्मा के नेतृत्व में शत-प्रतिशत मतदान के लिये रहवासियों को शपथ दिलाई गई। सामूहिक शपथ के कार्यक्रम में जोन 8 के अधिकारी, कर्मचारी और सामाजिक संगठन के प्रतिनिधि शामिल रहे। 7 मई को रायपुर लोकसभा क्षेत्र में होने जा रहे मतदान में मतदाता के रूप में अनिवार्य रूप से अपने मताधिकार का उपयोग करने बुधवार को सामूहिक शपथ दिलाई गई। सामाजिक संगठन स्टे विथ मी के स्वयंसेवकों, जोन 8 के सहायक अभियंता ईश्वरलाल टावरे, जोन स्वास्थ्य अधिकारी गोपीचंद देवांगन, उप अभियंता अक्षय भारद्वाज ने रहवासी मतदाताओं के साथ मिलकर मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

### भाजपा की वादाखिलाफी से राज्य में मोदी सरकार के खिलाफ माहौल

**रायपुर।** लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार के खिलाफ जनता में जबरदस्त आक्रोश देखने को मिल रहा है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा, प्रथम चरण का चुनाव प्रचार आज समाप्त हो गया। बस्तर एवं पूरे छत्तीसगढ़ की जनता अबकि बार केंद्र में कांग्रेस की सरकार बनाने मतदान करने का मन बना चुकी है। जनता मोदी सरकार की विदाई के लिये मतदान करने को आतुर है। छत्तीसगढ़ में मोदी और राज्य की साय सरकार की वादाखिलाफी बड़ा मुद्दा है। उन्होंने कहा, राज्य में मोदी की गारंटी के नाम से बड़ी-बड़ी बातें हो रही हैं, लेकिन जनता से किये वादे साय सरकार पूरी नहीं कर रही, न 18 लाख आवास का वादा पूरा हुआ, न महतारी वंदन की पूरी राशि महिलाओं को मिली और न ही किसानों का कर्जा माफ हुआ। भाजपा की धोखेबाजी के खिलाफ मतदान होगा।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन 21 को, विमोचन भी

**रायपुर।** सिविल लाइस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम राजीव एवं संजय जैन गिड़िया द्वारा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. गिरीश पंकज, डॉ चितरंजन कर एवं डॉ. मृणालिका ओझा अपने महत्वपूर्ण विचार रखेंगे। कवि सम्मेलन में भूमिका जैन आगरा, शालू सांखला, भीलवाड़ा, सलोनी जैन ब्यावर समेत स्थानीय रचनाकार भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा। कार्यक्रम का संचालन डॉ. सीमा श्रीवास्तव एवं अनिल श्रीवास्तव ज़ाहिद करेंगे।

### बाल मानस मंडली ने नवनिर्मित महिला घाट का किया लोकार्पण

**रायपुर।** नगर पालिका मंदिर हसौद श्री बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण किया गया, बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2017 में तर्पण घाट का निर्माण किया गया था तथा दूसरा तर्पण घाट का निर्माण बाल सामान्य बाल समाज मंडल द्वारा किया गया 15 अप्रैल को किया गया। उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाल समाज मानस मंडली के संचालक राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष धनेश पटेल, सचिव, रामकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, डोमसिंग साहू, मनोहर पटेल, विरेंद्र सिन्हा साथ ही अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से आचार्य ओमकार पांडे उपस्थित रहे।

# बस्तर में कांग्रेस-भाजपा के बीच मुकाबला, लेकिन खर्च में आगे रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले 17 अप्रैल की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के कवासी लखमा और भाजपा के महेश कश्यप के बीच होता दिख रहा है, लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दोनों प्रत्याशियों ने खर्च का जो हिसाब दिया है, उसमें भाजपा प्रत्याशी आगे है।

चुनाव के दौरान रोजना होने वाले सभी तरह के चुनावी खर्चों का ब्योरा प्रत्याशियों को देना अनिवार्य है। पहले चरण के लिए 17 अप्रैल की शाम प्रचार का समय समाप्त होने के पहले 15 अप्रैल तक हुए खर्चों का हिसाब सभी प्रत्याशियों ने तीन राउंड में दिया है। यह हिसाब निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक को दिया जाता है। व्यय पर्यवेक्षक हर प्रत्याशी के खर्चों का पूरा मिलान करके प्रमाणिक करते हैं कि किस प्रत्याशी ने किस मद में कितना पैसा खर्च किया है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को 95 लाख रूपए तक खर्च करने की अनुमति है।

## सीपीआई, गोंगपा, बसपा भी है मैदान पर



### महेश ने 65 लाख, कवासी ने 54 लाख खर्च किए

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने अपने प्रचार के लिए खर्च की गई राशि का ब्योरा निर्वाचन विभाग को दिया है। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने 15 अप्रैल तक कुल 65 लाख 18 हजार, 820 रुपए खर्च किए हैं। इनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे कवासी लखमा ने 54 लाख 23 हजार 404 रुपए खर्च करना बताया है। इन दोनों प्रत्याशियों के साथ ही 9 अन्य प्रत्याशी भी मैदान में हैं, लेकिन ये लोग खर्च के मामले में दो प्रमुख दलों के प्रत्याशियों से बहुत पीछे हैं।

### सीपीआई और गोंगपा बसपा भी है मुकाबले में

बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले अन्य दलों के जो प्रत्याशी मैदान में हैं उनमें सीपीआई के फूलसिंह कचलाम और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोंगपा के टीकम नागवंशी भी शामिल है। सीपीआई प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार के लिए 6 लाख से अधिक की राशि खर्च की है। गोंगपा के प्रत्याशी टीकम नागवंशी ने 1 लाख 54 हजार 400 रूपए खर्च का हिसाब दिया है। सीपीआई बस्तर में काफी पहले से चुनाव लड़ती आ रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी मैदान में थी, लेकिन उस समय प्रत्याशी को पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था। खास बात ये भी है कि राष्ट्रीय स्तर पर सीपीआई इंडिया गठबंधन में भी शामिल है। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं बन पाई। गोंगपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में पाली तानाखार सीट जीती थी। इस पार्टी का प्रभाव आदिवासी समुदाय में है। लेकिन बस्तर के लोकसभा चुनाव में यह पार्टी कितना दम दिखाती है ये देखना होगा। बहुजन समाज पार्टी से आयतुराम प्रत्याशी हैं, उन्होंने 2 लाख 33 हजार 521 रुपए खर्च किए हैं। आयतुराम 2019 में भी यहां से चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे।

## भूपेश ने कहा- पूर्व की घटना पर दिया था बयान

# भूपेश के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर गृहमंत्री ने कहा-जवानों से माफी मांगनी चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान पर उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, नक्सली संगठन ने अपने पत्र में भी 50 नक्सलियों से मारे जाने की बात कबूली है। ऐसे में भूपेश बघेल का बयान दुर्भाग्यजनक है। उनको अपने बयान पर जवानों से माफी मांगना चाहिए। अगर यह माफी नहीं मांगते हैं, तो जनता इसका जवाब देगी।

उप मुख्यमंत्री ने कांकेर मुठभेड़ पर जवानों को बधाई देते हुए कहा, जवानों के समर्थन, उनके कंधों की ताकत पर कल जो कुछ हुआ है, वह बड़ी सफलता है। यह आज तक की सबसे बड़ी सफलता सुरक्षा बलों को मिली है। मैं इसके लिए जवानों को बधाई देता हूं। नक्सलियों की मांद में घुसकर सर्जिकल स्ट्राइक जैसा किया है।

वहीं नक्सलियों के साथ बाहरी ताकतों के शामिल होने पर उन्होंने कहा, मतलब यह है कि इंसास, एके 47 मिलता है, तो यह क्या है। कहां से आ रहा है, देश के खिलाफ बहुत बड़ा षड्यंत्र है। हमारे ही कुछ लोग मिलकर इस तरह का काम करेंगे, तो नहीं चलता है। किसी को भी अधिकार नहीं है कि देश में जनता मरती रहे और विकास को कोई बाधा करके बैठा रहे और उसका समर्थन करता रहे।



### नक्सली मुठभेड़ का सच सामने आना चाहिए : बैज

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नक्सलियों के फर्जी एनकाउंटर वाले बयान के बाद अब पीसीसी चीफ दीपक बैज ने बस्तर में सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में 29 नक्सलियों के मारे जाने पर सवाल खड़ा किया है। उन्होंने कहा कि सरकार का दावा अगर सच है तो बड़ी उपलब्धि है, यदि निर्दोष ग्रामीण हैं, तो सरकार पर प्रश्न चिन्ह है। सत्य सामने आना चाहिए। सच में नक्सली हैं, कही निर्दोष ग्रामीण तो नहीं। चुनाव के ठीक पहले इतनी बड़ी मुठभेड़ के संयोग पर अगर पूर्व मुख्यमंत्री ने संदेह जताया है, तो सरकार को जवाब देना चाहिए। समय आने पर स्थिति स्पष्ट हो जाएगी।

### भाजपा कार्यकर्ता की हत्या कायराना

वहीं नारायणपुर में फिर एक बीजेपी कार्यकर्ता की नक्सलियों द्वारा हत्या किए जाने पर विजय शर्मा ने कहा, पंचमदास भाजपा के कार्यकर्ता थे, उपसरपंच भी थे। कायराना ढंग से उन्हें मारा गया है। नक्सलियों से सरकार हर समय चर्चा के लिए तैयार है। किसी भी माध्यम से बात करना चाहे, हम तैयार हैं। शांति बहाल होनी चाहिए। खून खराबा बंद होना चाहिए।

### 'फर्जी मुठभेड़' पर भूपेश की सफाई, कहा- पूर्व में घटित घटना पर कही थी बात

पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सुरक्षाबलों द्वारा 29 नक्सलियों के मारे जाने की घटना को 'फर्जी' बताए जाने वाले बयान पर सफाई दी है। उन्होंने कहा, पूर्व घटित नक्सल घटना को लेकर दिए गए मेरे बयान को अभी की घटना से जोड़ कर बताया गया है। भाजपा वाले ऐसा कर रहे हैं, यह बेहद दुर्गभाग्यजनक है। उन्होंने कहा कि मैंने फर्जी मुठभेड़ की बात पूर्व घटित घटना के विषय में कही थी, जिसमें ग्रामीणों की ओर से आरोप लगाए थे। अभी 29 नक्सलियों को सुरक्षा बल के जवानों से मार गिराया है, यह बड़ी कामयाबी है। जवानों को इस सफलता के लिए बधाई देता हूं।

# मतदान दलों के लिए मोबाइल चार्जिंग की रहेगी व्यवस्था



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मतदान के लिये 750 मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं। यहां मतदान दलों के लिये मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मतदान केंद्रों में मतदान दलों की समुचित व्यवस्था करने निर्देश दिए। इसके लिए सभी 10 जोन के कमिश्नरों को जिम्मेदारी दी गई है।

श्री मिश्रा ने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में पंखा और लाइट की व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। स्विच बोर्ड यदि क्षतिग्रस्त हो, तो तत्काल बदल दिया जाए। मोबाइल चार्जिंग की भी व्यवस्था रखी जाए। मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई की पूर्व संध्या में प्रत्येक मतदान कर्मी के लिए एक गद्दा, चादर, पानी रखने बाल्टी और मग्गे की व्यवस्था की जाये। साथ ही पेयजल के लिए कंटेनर रखने और मतदाताओं को गर्मी के समय तेज धूप से बचाने छाया के लिये पंडाल लगाने के निर्देश दिये।

**खास बातें**

- शहर में 750 मतदान केन्द्र, छाया के लिये पंडाल लगवायेगा निगम
- मतदान केन्द्रों में गद्दे तकिये, पेयजल की व्यवस्था, जोन कमिश्नरों को दी जिम्मेदारी

# कांग्रेस में थम नहीं रहा पलायन, समन्वय समिति भी मनाने में रही असफल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में मिली हार के बाद से ही कांग्रेस नेताओं का पार्टी छोड़ने का सिलसिला जारी है। अब डैमेज कंट्रोल के लिए समिति का गठन किया गया है, ताकि नेताओं से बातचीत कर उन्हें पार्टी में रोक कर रखा जा सके। फिर भी पार्टी छोड़ने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा। समन्वय समिति गठन होने के बाद वरिष्ठ पदाधिकारी और पूर्व मंत्री, विधायकों को लोकसभा वार प्रभारी भी बनाया गया था। समन्वय समिति ने प्रभारियों पार्टी के रूठे हुए नेताओं को मनाने और पार्टी छोड़ने से रोकने का प्रयास करना था। समिति गठन के होने के बाद प्रदेश में करीब एक दर्जन से अधिक कांग्रेस नेताओं ने पार्टी छोड़ दी। लोकसभा चुनाव के पहले कांग्रेस के कई नेताओं ने भाजपा प्रवेश कर लिया था। कांग्रेस नेताओं पर कई आरोप लगाने के बाद पार्टी से निष्कासित किए गए नेता भी पार्टी के भीतर ऐसा माहौल बनाने का प्रयास कर रहे हैं। चुनाव के दौरान कई नेताओं ने टिकट की मांग की थी, वहीं कई नेताओं ने तवज्जो नहीं दिए जाने के कारण पार्टी में अंतर्कलह बढ़ने लगी।

### सीनियर नेता समिति में शामिल किए गए

*समिति में दो पूर्व प्रदेशाध्यक्ष, छह पूर्व मंत्री, पूर्व कार्यकारी अध्यक्ष समेत पार्टी के सीनियर नेताओं को शामिल किया गया। पार्टी ने समिति के सदस्यों को लोकसभा वार जिम्मेदारी सौंपी है। सभी जिम्मेदार नेताओं को अपने क्षेत्र में तैनात रहने के निर्देश दिए गए हैं। समिति प्रदेशभर में संवाद और संपर्क का काम करेगी। इसके माध्यम से पार्टी के नाराज नेताओं से संपर्क कर पार्टी और कार्यकर्ताओं के बीच समन्वय बनाने का काम करेगी। सूची में सभी सीनियर नेताओं को जगह दी गई है, ताकि ये नेता पुराने से लेकर नए सभी कार्यकर्ताओं की बात सुनकर उनकी समस्याओं का समाधान कर सकें।*

### मौर्य, सीमा, वाणी, सहित कई ने छोड़ी पार्टी

*कांग्रेस नेता राहुल गांधी की जगदलपुर में सभा के पहले ही वहां के जिला अध्यक्ष सुशील मौर्य पार्टी छोड़ भाजपा में शामिल हो गए। इसी तरह दुर्ग संभाग की कांग्रेस नेता सीमा बघेल ने पार्टी को दो पहले अलविदा कर भाजपा प्रवेश किया। वहीं पूर्व विधायक घनाराम साहू के बेटे सतीश साहू ने पार्टी छोड़ दी। बिलासपुर में वाणी राव ने भाजपा प्रवेश कर लिया। वहीं रायगढ़ से विवेक सिंघानिया, लखनलाल साहू, अमित सोनी और विजय सोनी कांग्रेस छोड़ भाजपा शामिल हो गए।रायपुर लोकसभा से टिकट के दावेदार शंकरलाल साहू, के अलावा संगठन के प्रदेश महामंत्री चंद्रशेखर शुक्ला, पुष्पेंद्र परिहार ने भी पार्टी छोड़ दी।*

# कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं नेत्रियों ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित करने का वादा किया था, जिसमें महिला अपराधों की स्वतंत्र जांच की जाएगी। कांग्रेस के पूरे पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आंखे मूंदे बैठी रही। आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।




एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस का दमन छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद अनिता रावटे, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू और महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी, कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। वाणी राव ने कहा, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया था। कांग्रेस में महिलाएं घुटन महसूस कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित की जा रही हैं।

### रामनवमी के दिन तो झूठ नहीं बोलना था- खेड़ा


कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों के कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा, रामनवमी जैसे पवित्र दिन को तो छोड़ ही देना था, आज भी झूठ नहीं बोलना चाहिए। भाजपा की चाइनीज गारंटी पर कांग्रेस छोड़कर गई हैं। पार्टी ने पहचान दी, पहचान देने वाली मां होती है और जो मां को धोखा देता है, उसे भगवान भी माफ़ नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, जो महिलायें अपमान और दुर्व्यवहार की बात कर रही हैं, उन्हें ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष, महापौर जैसे पद किसने दिए।

## 19 अप्रैल को होना है प्रथम चरण का मतदान

# छत्तीसगढ़ के सात पड़ोसी राज्यों के नौकरी पेशा और कामकाजी मतदाताओं को वोटिंग के लिए मिलेगी छुट्टी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में तीन चरणों में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए राज्य के मतदाताओं को लोकसभावार सीट वार मतदान के दिन वोटिंग के लिए अवकाश मिलेगा। साथ ही छत्तीसगढ़ के पड़ोसी राज्यों आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के लोग जो यहां रहते हैं और नौकरी करते हैं उन्हें भी उनके राज्य में मतदान करने जाने के लिए अवकाश दिया जाएगा। यही नहीं छत्तीसगढ़ के लोग जो इन सात सीमावर्ती राज्यों में रहते हैं, उन्हें भी मतदान के लिए इस प्रकार सुविधा दी जाएगी। छत्तीसगढ़ सरकार के श्रम विभाग ने इस संबंध में एक अधिसूचना का प्रकाशन कराया है। इसमें कहा गया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत मतदान के दिन कर्मचारियों को सवेतन अवकाश की मंजूरी का प्रावधान है। साथ ही मतदान तिथि में कारखाना अधिनियम, छत्तीसगढ़ दुकान एवं स्थापना अधिनियम के अंतर्गत आने वाले कारखानों, संस्थानों, स्थापना में काम करने वाले प्रत्येक श्रमिक, कर्मचारियों को राज्य में मतदान के दिन यानी प्रथम चरण के लिए 19 अप्रैल, द्वितीय चरण के लिए 26 अप्रैल, और तीसरे चरण के लिए 7 मई को को राज्य शासन द्वारा संबंधित निर्वाचन क्षेत्रों में सवेतन अवकाश दिया जाएगा।



### इन राज्यों के कर्मियों को मिलेगी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की सीमा से लगने वाले राज्य आंध्रप्रदेश, ओडिशा, महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश, उत्तरप्रदेश, झारखंड और तेलंगाना के राज्य के बहुत से मतदाता जो छत्तीसगढ़ में निजी या सार्वजनिक प्रतिष्ठानों, दुकान, औद्योगिक उपक्रम या कोराबार, व्यावसाय में नियोजित हैं, उन लोगों को उनके गृह राज्य में मतदान के दिन सवैतनिक अवकाश प्रदान किया जाएगा। आंध्रप्रदेश में एक चरण में 13 मई को, ओडिशा में चार चरणों में 13 मई,20 मई, 25 मई, और 1 जून को मतदान होगा। महाराष्ट्र में पांच चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, और 20 मई को, मध्यप्रदेश में चार चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, और 13 मई को, उत्तर प्रदेश में सात चरणों में 19 अप्रैल, 26 अप्रैल, 7 मई, 13 मई, 20 मई, 25 मई, और 1 जून को,झारखंड में चार चरणों में 13 मई 20 मई, 25 मई, और 1 जून तथा तेलंगाना में 13 मई को एक चरण में चुनाव होगा।

### राज्य के इन कर्मियों को भी मतदान के लिए अवसर

साथ ही ऐसे कारखाने जो सप्ताह में सातों दिन कार्य करते हैं, वहां प्रथम पाली एवं द्वितीय पाली के श्रमिकों को मतदान के लिए दो-दो घंटे का अवकाश घोषित किए जाने तथा जो कारखाने जो निरंतर प्रक्रिया के अंतर्गत आते हैं, उनमें काम करने वाले श्रमिकों को बारी बारी से मतदान करने की सुविधा दी जाएगी।

### दूसरे प्रदेश में छत्तीसगढ़ के निवासियों को भी छुट्टी

छत्तीसगढ़ की मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी रीना बाबा साहेब कंगाले ने बताया कि जिस प्रकार छत्तीसगढ़ में रहने वाले दूसरे राज्यों के कर्मियों को उनके राज्य में मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है, उसी तरह इन सात राज्यों में रहने वाले छत्तीसगढ़ के लोगों को भी मतदान के लिए अवकाश दिया जा रहा है। ऐसा करने के पीछे उद्देश्य है कि सीमावर्ती राज्यों में रह रहे लोगों को भी वोट देने का अवसर मिले और मतदान का प्रतिशत भी बढ़े।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**रायपुर।** अल्ट्राटेक सीमेंट,(बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा।

## खबर संक्षेप

### सप्ताहभर बाद थी शादी युवक ने की आत्महत्या

**सिलयारी।** तुलाराम पटेल पिता लखन पटेल उम्र (24)वर्ष कुथरेल निवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार शीतला तालाब के आम के पेड़ पर साड़ी से बनाया गया नीले रंग का रस्सी से आम के पेड़ लटकते देखा गया।यह घटना सुबह बुधवार लगभग 4 बजे गांव के सरपंच को मिला जब ग्रामीण निस्तारी करने तालाब गया तो देखा युवक पेड़ लटकते रहे थे जिसकी जानकारी सरपंच को दिया । घटनास्थल पहुंच कर सरपंच व्दारा 112 को सूचना दिया साथ धरसीवां थाना प्रभारी को सूचना दिए तो सिलयारी पुलिस घटनास्थल पहुंचे। घटना का कारण अज्ञात है मृतक शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए धरसीवां भेज दिया। विवेचना जारी है। एक सप्ताह बाद तुलाराम पटेल का शादी थी। एक ओर पूरे परिवार शादी की तैयारी कर रिस्तेदारो को शादी की कार्ड बट गया थे पुरा तैयारी हो गये थे खुशियां मनाई जाने मे लगे थे। खुशी बदला मातम में जो युवक शादी होने वाला था वह सुबह बुधवार को फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया।

### अग्निशमन सेवा सप्ताह का शुभारंभ

**तिल्दा नेवरा।** अल्ट्राटेक सीमेंट,(बैकुंठ सीमेंट वर्क्स) में प्रति वर्ष की तरह इस वर्ष भी 14 अप्रैल से 20 अप्रैल तक राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा सप्ताह मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ 15 अप्रैल को ध्वजा रोहण से किया गया। कार्यक्रम में अग्नि शमन सेवा सप्ताह के महत्व, उद्देश्य एवं इसके पालन की आवश्यकता के बारे में सभी को जागरूक किया गया। कार्यक्रम में इस सप्ताह में होने वाले कार्यक्रमों के बारे में तथा नुक्कड़ के माध्यम से लोगो को अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूक किया गया तथा अग्नि सेवा एवं संयंत्र की सुरक्षा में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को पुरुष्कृत किया गया। मुख्य सुरक्षा एवं अग्नि सुरक्षा अधिकारी श्री सुशांता कुमार मोहापात्रा ने सभी कामगारों भाईयो से अग्नि सुरक्षा से संबंधित नियमो के पालन के लिए अनुरोध किया एवं विश्वाश दिलाया कि सुरक्षा विभाग संयंत्र एवं आस पास के ग्रामीण क्षेत्रों में होने वाले किसी भी अग्नि दुर्घटना का सामना करने के लिए सदैव तत्पर रहेगा। अपने उद्बोधन में श्री सौरभ वाजपेई ने फायर विभाग के कार्य एवं तैयारियों की सराहना की एवं भविष्य में और भी सतर्क रहने के लिए प्रेरित किया। उक्त कार्यक्रम में श्री ,सुनंदा बासु, उदय शंकर लाल, आलोक पाठक, अजय चतुर्वेदी, ओंकार नाथ मिश्रा, ब्रजेश पटेल तथा संयंत्र के सभी अधिकारी गण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### वृंदावन हॉल में कवि सम्मेलन 21 को विमोचन भी

**रायपुर।** सिविल लाइस स्थित वृंदावन हॉल में 21 अप्रैल को कवि राजेश जैन 'राही' की व्यंग्य कृति 'नाचे आम आदमी' का विमोचन किया जाएगा। साथ ही कवि सम्मेलन और विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाली विभिन्न सामाजिक संस्थाओं को 'नवरंग समाज रत्न सम्मान' से सम्मानित किया जाएगा। यह विमोचन मुख्य अतिथि डॉ. गिरीश पंकज, डॉ. चितरंजन कर, डॉ. मृणालिका ओझा, एम राजीव एवं संजय जैन गिड़यिा द्वारा किया जाएगा। इस दौरान डॉ. गिरीश पंकज, डॉ चितरंजन कर एवं डॉ. मृणालिका ओझा अपने महत्वपूर्ण विचार रखेंगे। कवि सम्मेलन में भूमिका जैन आगरा, शालू सांखला, भीलवाड़ा, सलोनी जैन ब्यावर समेत स्थानीय रचनाकार भी अपनी कविताओं का पाठ करेंगे। यह जानकारी कार्यक्रम आयोजक ने देते हुए बताया कि कार्यक्रम सुबह 9 बजे प्रारंभ होगा।

# बस्तर में कांग्रेस-भाजपा के बीच मुकाबला, लेकिन खर्च में आगे रही भाजपा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में लोकसभा चुनाव के लिए पहले चरण के लिए बस्तर लोकसभा सीट पर 19 अप्रैल को मतदान होना है। इससे पहले 17 अप्रैल की शाम चुनाव प्रचार समाप्त हो गया। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला कांग्रेस के कवासी लखमा और भाजपा के महेश कश्यप के बीच होता दिख रहा है, लेकिन चुनाव प्रचार अभियान के दौरान दोनों प्रत्याशियों ने खर्च का जो हिसाब दिया है, उसमें भाजपा प्रत्याशी आगे है।

चुनाव के दौरान रोजना होने वाले सभी तरह के चुनावी खर्चों का ब्योरा प्रत्याशियों को देना अनिवार्य है। पहले चरण के लिए 17 अप्रैल की शाम प्रचार का समय समाप्त होने के पहले 15 अप्रैल तक हुए खर्चों का हिसाब सभी प्रत्याशियों ने तीन राउंड में दिया है। यह हिसाब निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त व्यय पर्यवेक्षक को दिया जाता है। व्यय पर्यवेक्षक हर प्रत्याशी के खर्चों का पूरा मिलान करके प्रमाणिक करते हैं कि किस प्रत्याशी ने किस मद में कितना पैसा खर्च किया है। लोकसभा चुनाव में प्रत्याशी को 95 लाख रूपए तक खर्च करने की अनुमति है।

## सीपीआई, गोंगपा, बसपा भी है मैदान पर



### महेश ने 65 लाख, कवासी ने 54 लाख खर्च किए

चुनाव के दौरान प्रत्याशियों ने अपने प्रचार के लिए खर्च की गई राशि का ब्योरा निर्वाचन विभाग को दिया है। भाजपा प्रत्याशी महेश कश्यप ने 15 अप्रैल तक कुल 65 लाख 18 हजार, 820 रुपए खर्च किए हैं। इनके मुकाबले चुनाव लड़ रहे कवासी लखमा ने 54 लाख 23 हजार 404 रुपए खर्च करना बताया है। इन दोनों प्रत्याशियों के साथ ही 9 अन्य प्रत्याशी भी मैदान में हैं, लेकिन ये लोग खर्च के मामले में दो प्रमुख दलों के प्रत्याशियों से बहुत पीछे हैं।

### सीपीआई और गोंगपा बसपा भी है मुकाबले में

बस्तर लोकसभा सीट से कांग्रेस-भाजपा के मुकाबले अन्य दलों के जो प्रत्याशी मैदान में हैं उनमें सीपीआई के फूलसिंह कचलाम और गोंडवाना गणतंत्र पार्टी गोंगपा के टीकम नागवंशी भी शामिल है। सीपीआई प्रत्याशी ने चुनाव प्रचार के लिए 6 लाख से अधिक की राशि खर्च की है। गोंगपा के प्रत्याशी टीकम नागवंशी ने 1 लाख 54 हजार 400 रूपए खर्च का हिसाब दिया है। सीपीआई बस्तर में काफी पहले से चुनाव लड़ती आ रही है। 2023 के विधानसभा चुनाव में भी पार्टी मैदान में थी, लेकिन उस समय प्रत्याशी को पार्टी का चुनाव चिन्ह नहीं मिल पाया था। खास बात ये भी है कि राष्ट्रीय स्तर पर सीपीआई इंडिया गठबंधन में भी शामिल है। लेकिन छत्तीसगढ़ में कांग्रेस के साथ सीटों के बंटवारे पर कोई बात नहीं बन पाई। गोंगपा ने विधानसभा चुनाव 2023 में पाली तानाखार सीट जीती थी। इस पार्टी का प्रभाव आदिवासी समुदाय में है। लेकिन बस्तर के लोकसभा चुनाव में यह पार्टी कितना दम दिखाती है ये देखना होगा। बहुजन समाज पार्टी से आयतुराम प्रत्याशी हैं, उन्होंने 2 लाख 33 हजार 521 रुपए खर्च किए हैं। आयतुराम 2019 में भी यहां से चुनाव लड़े थे, लेकिन हार गए थे।

## पर्व : दुर्गा रूपी कन्या के पांव पखारे और कराया भोज, दिए उपहार

# प्रभु राम जन्मोत्सव मनाया, शोभायात्रा निकाली व जोत-जंवारा किया विसर्जित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| धरसींवा





एक ही नारा एक ही नाम जय श्रीराम, जयश्रीराम के उद्घोष से शहर की गलियां बुधवार को गूंज उठी। अवसर था रामनवमी शोभायात्रा का। इस दौरान धरसींवा में शोभायात्रा में भगवा ध्वज लिए सैकड़ों युवा भगवान राम के जयकारे लगा रहे थे। विभिन्न समाज और संगठनों की ओर से निकाली गई शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केन्द्र रही। वही पूरे अंचल में जोत जवारा का विसर्जन किया गया और नव कन्याओ का कन्या भोज भी कराया गया।

- बाजे-गाजे के साथ निकाली शोभायात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए

राम नवमी के अवसर पर विश्व हिन्दु परिषद बजरंग दल धरसींवा द्वारा भव्य भगवान राम की झांकी निकाली गई इस अवसर पर हिन्दू परिषद के अमन निर्मलकर, मनीष धिवर,बॉबी पांडेय, रोहित सिंह राकेश सिंहा ताकेश्वर नेताम रोशन साहू अजय पटेल विशाल पाण्डेय शिव साहू खूबचंद्र देवांगन सहित संगठन के सैकड़ो कार्यकर्ताओ की टोली झूमते नजर आए।

### दिखा गजब का उत्साह

धरसींवा, परसतराई सहित ग्रामीण क्षेत्रों के शीतला मंदिर एवं कई भक्तों के द्वारा अपने घरों पर जोत प्रज्वलित किये गये थे. जिसे जस गीत सेवा के माध्यम से स्थानीय नदियों, तालाबों पर विसर्जन किया गया. इसके अलावा विभिन्ना प्रसिद्ध देवी मंदिरों में विराजित ज्योति



कलश का भी विसर्जन हुआ महामाया मंदिर, चंडी माता मंदिर, शीतला मंदिर, सहित ग्रामीण क्षेत्र में विराजे जवारा का विसर्जन किया गया. जगह-जगह शोभायात्रा में नाचते, गाते-झूमते भक्त नजर आये।

### कन्या भोज का आयोजन

चैत नवरात्र के नवमें दिन भक्तों द्वारा देवी मंदिरों व अपने घर पर कन्या भोज का आयोजन किया। जहां विधि विधानपूर्वक पूजा अर्चना के बाद कन्याओं को भोजन कराया गया और उनसे आर्शीवाद लिया गया। नवरात्र के समाप्ति पर माता की रूप माने जाने वाली कन्याओं के लिए भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन किया। परसतराई के ख्यात पंडित मिथलेश शर्मा ने बताया कि नवरात्र के अंतिम दिन माता स्वरूप कन्याओं की पूजा अर्चना कर उन्हें भोजन कराने से भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण होती है। जिसके चलते बुधवार को कई घरों में माता के भक्तों ने कन्या भोज का आयोजन किया। साथ ही कई भक्तों ने देवी मंदिर पहुंचकर कन्या भोज में शामिल हुए।

### दुर्गाष्टमी पर मंत्रोच्चार के साथ हवन-पूजन



**तिल्दा नेवरा।** नेवरा स्थित गायत्री माता मंदिर में बुधवार को हवन का कार्यक्रम किया गया, बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। गायत्री माता मंदिर परिसर नेवरा में मनोकामना का ज्योत घृत का प्रज्वलित किया गया था। आज राम नवमी पर्व के अवसर पर विधि विधान मंत्रो के साथ हवन पूजन का कार्यक्रम किया गया।

### जोत-जंवारा किया विसर्जन भव्य शोभायात्रा निकाली



**तिल्दा नेवरा।** चैत्र नवरात्रि के पर्व पर तिल्दा नेवरा शहर व क्षेत्र के देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योति कलश स्थापित कर पूरे 9 दिन पूजा अर्चना की गई, वहीं मंगलवार को अष्टमी में हवन पूजन कर आज बुधवार को श्रद्धा पूर्वक ज्वारा का विसर्जन किया गया। वार्ड क्रमांक 19 पुरानी बस्ती तिल्दा स्थित मां मावली माता मंदिर में हवन पूजन देर शाम किया गया, तत्पश्चात यहां पर वार्ड के पार्षद लक्ष्मी नारायण वर्मा एवं उनकी टीम के द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें हजारों लोगों को बैठाकर खाना खिलाया गया, साथ ही आज बुधवार को मावली मंदिर तिल्दा से ज्योत जवारा विसर्जन के लिए निकाली गई एवं श्रद्धा के साथ वार्ड के छोटे तालाब में ज्योत जवारा को विसर्जित किया गया। भारी संख्या में श्रद्धालु गण उपस्थित हुए।

# नेवरा शराब दुकान के सुपरवाइजर को हटाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| तिल्दा नेवरा

खबर का असर

तिल्दा नेवरा के शराब दुकानों में ओवर रेट पर शराब बिक्री की शिकायते सामने आई थी जिसका समाचार हमने प्रमुखता से लगाया था , बता दे नेवरा स्थित कम्पोजित शराब दुकान के चिप सेल्समैन रामेश्वर सिंह ध्रुव को होली के समय ही ओवर रेट पर शराब बेचने के मामले में हटा दिया गया था, लेकिन वह शराब दुकान में नौकरी करता रहा और पुनः ओवर रेट पर शराब बिक्री कर रहा था। इसकी जानकारी होने पर सर्वप्रथम हम प्रमुखता से यह मुद्दा उठाया, साथ ही आबकारी अधिकारी दिलीप प्रजापति से भी हमने बात की थी। खबर के बाद उक्त सुपरवाइजर व एक सेल्समेन को तत्काल हटा दिया गया एवं उनकी जगह नया चिप सेल्समैन हेमंत साहू को भेजा गया है।

आबकारी अधिकारी दिलीप प्रजापति ने बताया की नेवरा देशी शराब दुकान के सुपरवाइजर व सेल्समैन को हटा दिया गया है।

### प्रभु राम के चरित्र को जीवन में उतारें

**आरंग।** प्रभु श्री राम हमारे आदर्श जन–जन की आत्मा व चेतना है। हमें उनके जन्मोत्सव पर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लेंना चाहिए। एक विज्ञाप्ति में कथावाचक पं छत्रधर दीवान ने कहा कि हमें सुख–दुख में समभाव रखना चाहिए, विषम परिस्थितियों में हमे चुनौतिओ का धैर्यपूर्वक सामना करना चाहिए। भगवान राम का चरित्र हमे जीना सिखाती है।

# कांग्रेस की घोषणाएं महिलाओं के साथ भद्दा मजाक केवल वोट बैंक के तौर पर किया जाता है इस्तेमाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




कांग्रेस छोड़कर भाजपा में शामिल हुईं नेत्रियों ने कांग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा, कांग्रेस ने राज्य में महिला सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त कर महिलाओं के संरक्षण के लिए कानून का सख्ती से पालन कराने और महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामलों को गंभीरता से लेकर अपराधियों पर कड़ी कार्रवाई करने की बात कही थी। प्रत्येक थाने में एक महिला सेल स्थापित करने का वादा किया था, जिसमें महिला अपराधों की स्वतंत्र जांच की जाएगी। कांग्रेस के पूरे पांच साल के कार्यकाल में महिलाओं के साथ अनाचार, दुर्व्यवहार और हिंसा होती रही और कांग्रेस की सरकार आंखे मूंदे बैठी रही। आज बड़ी बड़ी घोषणाएं कर कांग्रेस एक बार फिर महिलाओं के साथ भद्दा मजाक कर रही है।

एकात्म परिसर में आयोजित पत्रकारवार्ता में कांग्रेस का दमन छोड़ भाजपा में शामिल होने वाली बिलासपुर की पूर्व महापौर वाणी राव, नगर पालिका अध्यक्ष महासमुंद अनिता रावटे, जगदलपुर महापौर सफीरा साहू और महासमुंद की जिला पंचायत अध्यक्ष ऊषा पटेल और अरुणा शुक्ला ने कांग्रेस पर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा, कांग्रेस के नेता जुमलेबाजी और अवांछनीय बयानबाजी करते रहे। कांग्रेस की सरकार ने हर ग्रामीण परिवार को प्रतिवर्ष 4 सिलेंडर मुफ्त देने की बात कही थी, कुल 20 सिलेंडर दिए जाने थे, लेकिन किसी को कुछ नहीं मिला। वाणी राव ने कहा, कांग्रेस ने सदैव महिलाओं के साथ छल करके केवल वोट बैंक के तौर पर इस्तेमाल करने का राजनीतिक चरित्र प्रदर्शित किया है। कांग्रेस ने 2018 के चुनाव में गंगा मैया की सौगंध खाकर महिलाओं से धोखा किया था। कांग्रेस में महिलाएं घुटन महसूस कर रही हैं। वहीं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और प्रदेश में विष्णुदेव साय की सरकार में कई योजनाएं महिलाओं के सम्मान और सशक्तिकरण के लिए संचालित की जा रही हैं।

### रामनवमी के दिन तो झूठ नहीं बोलना था- खेड़ा

कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुई नेत्रियों के कांग्रेस पार्टी पर गंभीर आरोप पर राष्ट्रीय प्रवक्ता राधिका खेड़ा ने कहा, रामनवमी जैसे पवित्र दिन को तो छोड़ ही देना था, आज भी झूठ नहीं बोलना चाहिए। भाजपा की चाइनीज गारंटी पर कांग्रेस छोड़कर गई हैं। पार्टी ने पहचान दी, पहचान देने वाली मां होती है और जो मां को धोखा देता है, उसे भगवान भी माफ़ नहीं करते हैं। उन्होंने कहा, जो महिलायें अपमान और दुर्व्यवहार की बात कर रही हैं, उन्हें ज़िला पंचायत अध्यक्ष, नगर निगम अध्यक्ष, महापौर जैसे पद किसने दिए।

# बाल मानस मंडली ने नवनिर्मित महिला घाट का किया लोकार्पण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| चंदखुरी

नगर पालिका मंदिर हसौद श्री बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक नगर पालिका मंदिर हसौद द्वारा निर्मित महिला तर्पण घाट का लोकार्पण किया गया, बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक द्वारा पूर्व में भी वर्ष 2017 में तर्पण घाट का निर्माण किया गया था तथा दूसरा तर्पण घाट का निर्माण बाल सामान्य बाल समाज मंडल द्वारा किया गया 15 अप्रैल को किया गया।

उक्त कार्यक्रम में प्रमुख रूप से बाल समाज मानस मंडली के संचालक राधेश्याम पटेल, अध्यक्ष धनेश पटेल, सचिव, रामकुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष राजकुमार पटेल, डोमसिंग साहू, मनोहर पटेल, विरेंद्र सिन्हा साथ ही अतिथि के रूप में प्रमुख रूप से आचार्य ओमकार पांडे जी, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष ओम प्रकाश यादव, पूर्व सरपंच गोवर्धन सिन्हा, पूर्व सरपंच धनमत गायकवाड, पूर्व सरपंच नोहर यादव, श्री मनीराम पटेल जी, विष्णु सेन जी, नंदकुमार पटेल जी श्री गोकुल यादव जी,श्री नीरू दास मानिकपुरी जी , श्री अजय सिन्हा, आदित्य सिन्हा जी, खोरबहारा सिन्हा, द्वारिका साहू जी, उपास्थित रहे!

उपस्थित अतिथियों ओमप्रकाश यादव एवम मनीराम पटेल द्वारा अपने उद्बोधन में बाल समाज द्वारा किए जा रहे कार्यों को सराहना करते हुए कहा गया की बाल समाज मानस मंडली मंदिर हसौद पूरे क्षेत्र के लिए आदर्श समिति है जो निरंतर 48 साल से भगवान राम जी के रामायण कार्यक्रम करते आ रहे है और मिलने वाले अंशदान से नगर में लगभग 08 लाख रुपए की लागत से दो तर्पण घाट का निर्माण कार्य कर नगर के विकास कार्यों में अपना उदाहरण प्रस्तुत किया है जिसके लिए पूरा नगर पालिका परिषद मंदिर हसौद बाल समाज मानस मंडली बजरंग चौक का हृदय से आभार व्यक्त करता है!

# मतदान दलों के लिए मोबाइल चार्जिंग की रहेगी व्यवस्था

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर नगर निगम क्षेत्र में लोकसभा चुनाव के मतदान के लिये 750 मतदान केन्द्र बनाये जा रहे हैं। यहां मतदान दलों के लिये मोबाइल चार्जिंग की व्यवस्था रहेगी। निगम आयुक्त अबिनाश मिश्रा ने मतदान केंद्रों में मतदान दलों की समुचित व्यवस्था करने निर्देश दिए। इसके लिए सभी 10 जोन के कमिश्नरों को जिम्मेदारी दी गई है।

श्री मिश्रा ने जोन के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि सभी मतदान केंद्रों में पंखा और लाइट की व्यवस्था पहले ही कर ली जाए। स्विच बोर्ड यदि क्षतिग्रस्त हो, तो तत्काल बदल दिया जाए। मोबाइल चार्जिंग की भी व्यवस्था रखी जाए। मतदान के एक दिन पूर्व 6 मई की पूर्व संध्या में प्रत्येक मतदान कर्मी के लिए एक गद्दा, चादर, पानी रखने बाल्टी और मग्गे की व्यवस्था की जाये। साथ ही पेयजल के लिए कंटेनर रखने और मतदाताओं को गर्मी के समय तेज धूप से बचाने छाया के लिये पंडाल लगाने के निर्देश दिये।

## खबर संक्षेप

### भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव दिवस पर निकलेगी शोभायात्रा

**रायपुर।** भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव दिवस के उपलक्ष्य में सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा 12 मई को रायपुर में एक भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा का बुढ़ापारा, सिटी कोतवाली, मालवीय रोड, जय स्तंभ चौक, शारदा चौक, तात्यापारा, होते हुए अंबा देवी मंदिर सदर बाजार में समापन होगा। प्रमुख मार्गों से होते हुए शोभायात्रा, जिसमें भजन, कीर्तन भी सम्मिलित रहेगा, सत्ती बाजार स्थित अंबा मंदिर में पहुंचकर 1100 दीपों की एक भव्य महाआरती एवं प्रसादी वितरण किया जाएगा। इस संबंध में एक महत्वपूर्ण बैठक बैरन बाजार स्थित आशीर्वाद भवन में विगत दिनों हुई। बैठक में अरुण शुक्ल, ललित मिश्र, प्रहलाद मिश्र, चंद्रप्रकाश व्यास, राघवेंद्र मिश्र, अरविंद ओझा, सुरेश मिश्र, संतोष पुजारी, दिनेश शुक्ल, विनय तिवारी, डॉ. सुरेश शुक्ल, कीर्ति व्यास आदि उपस्थित रहे।

### सप्ताहभर बाद थी शादी युवक ने की आत्महत्या

**सिलयारी।** तुलाराम पटेल पिता लखन पटेल उम्र (24)वर्ष कुथरेल निवासी ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। जानकारी अनुसार शीतला तालाब के आम के पेड़ पर साड़ी से बनाया गया नीले रंग का रस्सी से आम के पेड़ लटकते देखा गया।यह घटना सुबह बुधवार लगभग 4 बजे गांव के सरपंच को मिला जब ग्रामीण निस्तारी करने तालाब गया तो देखा युवक पेड़ लटकते रहे थे।

## निधन

### कुसुम साहू



**रायपुर।** रामनगर निवासी कुसुम साहू का 16 अप्रैल को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 17 अप्रैल को कोटा मुक्तिधाम में किया गया। वे बैसाखू साहू की पत्नी और सुनील साहू की माता थीं।

### उमा देवी ठाकुर



**रायपुर।** जोरापारा फूल चौक निवासी उमा देवी ठाकुर (73) का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार मुक्तिधाम में किया गया। वे विकास और सुभाष ठाकुर की माता थीं।

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल-18, तहसील व जिला- रायपुर**

**:: आम सूचना ::**

जारी दिनांक 15/04/2024

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम सकरी प.ह.नं. 75, रा.नि.मं. रायपुर-18, तहसील व जिला रायपुर छ.ग. में आवेदक अंकित भंसाली पिता मुकेश भंसाली निवासी टैगोर नगर रायपुर द्वारा धारित भूमिस्वामी हक की भूमि खसरा नंबर 422/8, 422/15, 423/4, 424/2 रकबा 0.2930 हे. का सीमांकन/बटांकन हेतु आवेदन न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के समक्ष प्रस्तुत किये जाने के उपरांत न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर के रा.प्र.क्र. /अ-12 वर्ष 2023-24 आदेश दिनांक 12/04/2024 के परिपालन में आवेदक की भूमि का सीमांकन /बटांकन दिनांक **29/04/2024** को समय **03.00** बजे किया जाना नियत है। अतएव उक्त भूमि के सभी बटांकनधारी भूमिस्वामीयों तथा आसपास के भूमिस्वामीयों को सूचना दी जाती है कि उक्त तिथि व समय के पूर्व पटवारी कार्यालय में एवं उक्त तिथि व समय को आवेदित स्थल पर उपस्थित होकर उक्त खसरा नंबर के संबंध में जो भी दावा/आपत्ति हो तो प्रस्तुत करें। आपकी अनुपस्थिति में सीमांकन /बटांकन कार्य किया जा सकता है। सीमांकन/बटांकन उपरांत कोई भी दावा/आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**सो सूचना जाने।** **राजस्व निरीक्षक रायपुर-18**

# आधा दर्जन प्रोजेक्ट के लिए पैसे जुटाने निगम जारी करेगा म्यूनिसिपल बांड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

रायपुर नगर निगम अपनी आधा दर्जन सार्वजनिक परियोजनाओं के लिए पैसे जुटाने म्यूनिसिपल बांड जारी करेगा। अगस्त तक बांड लांच करने की तैयारी है। इंदौर शहर की तर्ज पर पहली बार शहर में पहला पब्लिक इशू म्यूनिसिपिल बांड जारी होगा। बांड से प्राप्त राशि का उपयोग अतिरिक्त आय सृजित करने वाले प्रोजेक्ट में किया जायेगा। इनमें ईदगाह भाठा के हिन्द स्पोर्टिंग ग्राउंड पर स्पोर्ट्स काम्पलेक्स, मालवीय रोड स्थित नगर निगम के पुराने कार्यालय वाली जगह पर व्यावसायिक परिसर, निमोरा, कारा सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट में टर्शरी प्लांट निर्माण कार्य और भैंसथान में कमर्शियल कांप्लेक्स निर्माण संबंधी प्रोजेक्ट शामिल है।

अलग खबर

शहरी सरकार अपने आय के अतिरिक्त स्त्रोत उत्पन्न करने और विभिन्न आय सृजित करने वाली परियोजना के वित्तीय प्रबंधन व संसाधन पूर्ति के लिये 260 करोड़ रुपये का म्यूनिसिपल बांड लेकर आ रहा है। अगस्त में इसकी लांचिंग प्रस्तावित है। बांड जारी होने पर केन्द्र सरकार द्वारा प्रति 100 करोड़ के बांड पर निगम को 13 करोड़ की प्रोत्साहन राशि प्रदान की जायेगी। महापौर एजाज ढेबर की परिषद ने एमआईसी की बैठक में 28 जुलाई 2023 को इस प्रस्ताव को मंजूरी दी थी।

## 260 करोड़ रेवेन्यू मॉडल प्रोजेक्ट से अतिरिक्त आय स्त्रोत की तैयारी

### म्यूनिसिपल बांड का प्रस्ताव इस तरह

- ईदगाहभाठा हिन्द स्पोर्टिंग ग्राउंड पर स्पोर्टस काम्पलेक्स निर्माण -25 करोड़
- पुराने नगर निगम कार्यालय की जमीन पर व्यावसायिक परिसर -60 करोड़
- भैंसथान में बहुमंजिला व्यावसायिक परिसर निर्माण कार्य -55 करोड़
- रायपुर शहर में ई बस कार्य - 80 करोड़
- निमोरा, कारा एसटीपी में टर्शरी प्लांट निर्माण -40 करोड़




### इंदौर ने जारी किया 244 करोड़ का पब्लिक इशू म्यूनिसिपल बांड

देश के सबसे स्वच्छ शहर के रूप में धाक जमाने वाले इंदौर नगर निगम ने देश का पहला पब्लिक इशू बांड पहले ही जारी कर दिया है। सोलर एनर्जी प्रोजेक्ट के लिये 244 करोड़ रुपये का म्यूनिसिपल बांड जारी हो चुका है। इसी तरह बेंगलुरु म्यूनिसिपल कार्पोरेशन ने 1997 में म्यूनिसिपल बांड जारी किया था। 1998 में अहमदाबाद म्यूनिसिपल कार्पोरेशन ने भी इसी तरह का बांड जारी किया था।

### प्रोसेस कंपलीट, अगस्त में बांड जारी करेंगे

आधा दर्जन प्रोजेक्ट के लिये म्यूनिसिपल बांड जारी करने का प्रोसेस हमने पूरी कर लिया है। शासन स्तर पर मंजूरी मिलते ही अगस्त में म्यूनिसिपल बांड जारी करेंगे।

- **अबिनाश मिश्रा,** आयुक्त, नगर निगम रायपुर

# तापमान 40 के पार होते ही 'लू' का अलर्ट, अस्पतालों में बने अलग वार्ड

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

शहर का तापमान एक बार फिर चालीस डिग्री के पार होते ही स्वास्थ्य विभाग की ओर से लू का अलर्ट जारी कर दिया गया है। हीट-वे का शिकार होकर अस्पताल पहुंचने वाले मरीजों के इलाज के लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं और ओआरएस कार्नर तैयार किए गए हैं। वार्डों में मरीजों को गर्मी से बचाने के लिए एसी की व्यवस्था की गई है।


पिछले तीन चार दिनों से राजधानी में गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। दोपहर होने के बाद चलने वाली गर्म हवा के असर से लू जैसी स्थिति बन रही है और इसका स्वास्थ्य पर विपरीत असर पड़ रहा है। चिकित्सकों के अनुसार पिछले दो दिन से उनके पास ऐसे मरीज आ रहे हैं, जिन्हें डिहाईड्रेशन की शिकायत हो रही है। उन्हें गर्मी से बचाव की नसीहत के साथ आवश्यक दवा दे रहे हैं। इधर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एक बार फिर बढ़ती गर्मी के मद्देनजर लू का अलर्ट जारी कर दिया गया है। जिला मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देश पर जिला अस्पताल के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में लू का शिकार होकर आने वाले मरीजों के लिए अलग से वार्ड बनाए गए हैं। पांच से दस बेड की इस वार्ड में मरीजों की सुविधा के लिए एसी और कूलर की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा गर्मी को देखते हुए तमाम स्वास्थ्य केंद्रों में आने वाले मरीजों के लिए ठंडे पानी की व्यवस्था के साथ निशुल्क ओआरएस कार्नर बनाया गया है।

### पृथक वार्डों में मरीजों को राहत देने एसी-कूलर की व्यवस्था









### नियमित रिपोर्टिंग की हिदायत

हीट-वे को लेकर स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मैदानी अमले को इस बात की कड़ी हिदायत दी है कि ऐसे मरीजों को उपचार की तत्काल सुविधा दी जाए। इसके साथ ऐसे मरीजों की नियमित रिपोर्टिंग आईडीएसपी शाखा के पास की जाए। प्राथमिक स्तर के स्वास्थ्य केंद्र में इलाज के दौरान अगर किसी लू प्रभावित मरीजों के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होता, है तो उसे तत्काल हायर सेंटर में रेफर किया जाए।

### तैयारियां की गईं

जिला अस्पताल से लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर लू के मरीजों के उपचार के लिए व्यवस्था की गई है। लोगों को कड़ी धूप के सीधे संपर्क में आने से बचने की कोशिश करनी चाहिए।

- **डॉ. मिथिलेश चौधरी** सीएमएचओ, रायपुर

### मौसमी बीमारी की दवा का स्टाक

स्वास्थ्य केंद्रों के स्टाफ को चेताया गया है कि गर्मी के दिनों में लू के साथ उल्टी-दस्त सहित अन्य तरह बीमारियों की शिकायत बढ़ती है। ऐसे मरीजों के आने की संभावना को देखते हुए केंद्रों में आवश्यक दवा का अतिरिक्त स्टाक रखा जाए। स्वास्थ्य केंद्रों में दवाओं की आपूर्ति के लिए ऑनलाइन डिमांड की प्रक्रिया पूरी की जाती है।

- **लू के लक्षण** :- सिर में भारीपन और दर्द, तेज बुखार, मुंह सूखना, चक्कर अथवा उल्टी आना, कमजोरी, शरीर का तापमान अधिक होने के बाद भी पसीना आना, ज्यादा प्यास लगना, भूख नहीं लगना।
- **बचाव के उपाय** :- सीधे धूप के संपर्क से बचने का प्रयास, जरूरत होने पर सिर, कानों पर स्कार्फ लगाएं, अधिक मात्रा में पानी का सेवन, नरम और सूती के कपड़े का उपयोग, ठंडे अथवा मौसमी फल के जूस का सेवन।
- **प्रारंभिक उपचार** :- लू पीड़ित के सिर पर ठंडे पानी की पट्टी रखें, ज्यादा पानी अथवा जूस का सेवन कराएं, ठंडे स्थान पर रखें, फिर भी राहत नहीं मिलने पर किसी नजदीक चिकित्सक या अस्पताल में इलाज के लिए ले जाएं।

# सफाई मित्र वाहनों के साथ चलेंगी स्वच्छता दीदियां




हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर

नगर निगम द्वारा नागरिकों से सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने के लिए रामकी कंपनी की प्रत्येक गाड़ी के साथ स्वच्छता दीदियों के चलने की योजना बनाई गई है। वे गाड़ी के पीछे-पीछे चलकर नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर देने के लिए जागरूक करेंगी।

- **सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने पर जोर**

निगम कमिश्नर अबिनाश मिश्रा के निर्देश पर गांधी सदन में अपर आयुक्त द्वय विनोद पांडे, राजेन्द्र गुप्ता और स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बैठक ली। इसमें स्वच्छ भारत मिशन अभियान के अधिकारियों सहित 10 जोन के स्वास्थ्य अधिकारी तथा वार्ड निरीक्षक शामिल रहे। स्वास्थ्य अधिकारी तृप्ति पाणिग्रही ने बताया कि बैठक में कचरे के निपटारे की योजना बनाई गई। साथ ही शहरभर में नागरिकों के घरों से निकले सूखा और गीला कचरा अलग-अलग लेने पर जोर दिया गया। आमतौर पर कचरा कलेक्ट करने वाली गाड़ियों में पुरुष रहते हैं। यह देखा जाता है कि सफाई मित्र गीला और सूखा कचरे को नागरिकों को अलग-अलग रखने की बात नहीं करते और मिश्रित कचरे को एक साथ ले लेते हैं। अब ऐसा नहीं होगा, रामकी की सफाई गाड़ी के पीछे सफाई दीदियों को भेजा जाएगा। स्वच्छता दीदियां नागरिकों को सूखा और गीला कचरा अलग-अलग कर देने के लिए प्रेरित करेंगी।

शहर में कचरे की सफाई को लेकर सप्ताहभर पहले बैठक लेकर प्रतिवेदन बनाया गया। इसमें डोर टू डोर कचरा कलेक्शन समेत नाले-नालियों की सफाई और दवा का छिड़काव को लेकर प्रमुखता से विचार हुआ।

## पेज 11 के शेष

### मारा गया शंकर राव...

में से 8-9 की पहचान कर ली गई है। शेष नक्सलियों की शिनाख्ती की जा रही है। अफसर के अनुसार जिन मारे गए नक्सलियों की पहचान की गई है, वो सभी इनामी थे। अफसर के अनुसार अन्य मारे गए नक्सलियों की पहचान के बाद पता चल पाएगा कि उनमें से कितने इनामी हैं। अफसर के अनुसार एनकाउंटर में लगातार नक्सलियों के मारे जाने के बाद नक्सलियों के हौसले पस्त हुए हैं। अफसर के अनुसार नक्सलियों के खात्मे के लिए क्षेत्र में मुखबिर तंत्र को और मजबूत करने के साथ ही हाईटेक तकनीक का प्रयोग किया जा रहा है।

### जवाबी फायरिंग में सबको...

योजना बनाकर घेराबंदी की। इसी बीच नक्सलियों को उनके आने की भनक लग गई और भागने के लिए वे गोली चलाने लगे। तब तक फोर्स के जवान एक्शन ले चुके थे और जवाब में चलाई गई गोलियों से नक्सली एक-एक कर गिरते चले गए। उन्हें भागने का मौका नहीं दिया गया और जितने थे, सबको मार दिया गया है। उन्होंने कहा कि बांस की झाड़ियों की ओट से वे भी गोली चला रहे थे। इसी दौरान पैरों में दर्द महसूस हुआ..। देखा तो पता चला कि खून बह रहा है, मगर डरे बिना वे तीन घंटे उसी एक्शन में रहकर नक्सलियों को अपना निशाना बनाते रहे।

बीएसएफ के एसआई ने बताया कि संभवतः नक्सलियों के एलएमजी के ब्रस्ट फायर के दौरान गोली लगी। ब्रस्ट फायर में एक साथ तीन गोली निकलती है और यह पता नहीं चलता कि उसकी दिशा कौन सी है। उन्होंने आशंका जताई कि नक्सलियों का झुंड मिलेट्री प्लाटून कंपनी की तरह रहा होगा, क्योंकि उनके पास एलएमजी, इंसास, एके 47 जैसे घातक हथियार थे। उन्होंने कहा, स्वस्थ होने के बाद वे फिर से मोर्चे पर जाकर नक्सलियों से लोहा लेंगे।

परिवार वाले पहुंचे - बीएसएफ के जवान रमेश चंद्र मूलतः राजस्थान के रहने वाले हैं। पूर्व में उन्होंने एनएसजी टीम के माध्यम से देश के विभिन्न वीआईपी की सुरक्षा की कमान संभाली थी। हाल में बांदे थाने में पदस्थ हैं, जहां से घटनास्थल की दूरी करीब 20 किलोमीटर है। सूचना पर उनके घर वाले अस्पताल पहुंचे और बीएसएफ साथी उनकी मदद के लिए तैनात हैं।

सर्जरी के बाद खतरे से बाहर, रिकवरी में लगेगा वक्त एयर लिफ्ट कर रायपुर लाए गए बीएसएफ के एसआई रमेश चंद्र और डीआरजी जवान सूर्यकांत श्रीमाली का देवेन्द्र नगर स्थित श्री नारायणा हास्पिटल में ऑपरेशन हुआ। अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. सुनील खेमका ने बताया कि डीआरजी जवान की चोटों का डिब्राइमेंट कर मृत हो चुके शेल्स को बाहर किया गया। वहीं बीएसएफ के जवान के चोट वाले स्थान पर एक्सटर्नल फिक्सेशन की प्रक्रिया पूरी की गई। दोनों खतरे से बाहर हैं, मगर उन्हें पूरी तरह स्वस्थ होने में थोड़ा वक्त लग सकता है।

### आबकारी घोटाले में नहीं...

बात से इनकार किया। नकली होलोग्राम के संबंध में पूछे गए सवाल पर तीनों ने जांच एजेंसी को कहा कि इस संबंध में वे ईडी में पूर्व में ही अपना बयान दर्ज करवा चुके हैं।

### गर्मी का कहर...

और कहीं-कहीं बारिश होने की संभावना बन सकती है, मगर अब बढ़ते तापमान और गर्मी पर इसका प्रभाव होने के आसार अब काफी कम हैं। बुधवार को गर्मी ने अपना रंग दिखाया और तिल्दा का तापमान 43.2 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। रायपुर भी गर्मी के मामले में पीछे नहीं रहा और तेज धूप का असर दोपहर होते तक 41 डिग्री तक पहुंच गया। आज दोपहर के वक्त गर्म हवा के थपेड़े की वजह से त्वचा में जलन महसूस हुई। मौसम विशेषज्ञ एचपी चंद्रा ने कहा कि अभी दो दिन तापमान में लगातार वृद्धि होने के आसार हैं, इसके बाद हवा की दिशा में बदलाव हो सकता है, मगर तापमान में अब ज्यादा गिरावट आने की संभावना नहीं है। शहर में पिछले दस साल में अधिकतम तापमान 44.2 तक पहुंचा है और इस बार पारा इससे अधिक हो सकता है।

# ड्राई डे में खपा रहे थे पंजाब की शराब, आबकारी टीम ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायपुर



ड्राई के दिन आबकारी विभाग के अफसरों ने मुखबिर की सूचना पर तीन अलग-अलग जगहों पर छापे की कार्रवाई करते हुए 190 लीटर शराब जब्त की है। जब्त शराब की कीमत एक लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। आबकारी विभाग की टीम ने जिन चार लोगों के कब्जे से शराब जब्ती की कार्रवाई की है, वह शराब पंजाब निर्मित है।

आबकारी उपायुक्त विकाश गोस्वामी के मुताबिक आबकारी विभाग की टीम को ड्राई डे के दिन शराब की अवैध बिक्री करने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने निर्देश दिए गए थे। इसी कड़ी में खरोरा निवासी समीर कुमार ढिड़ी, कोटा निवासी भूपेश तुरकाने, सेजबहार निवासी जितेश्वर चेलक के कब्जे से शराब जब्त करने की कार्रवाई की है। शराब जब्ती की कार्रवाई सहायक जिला आबकारी अधिकारी अल्ताफ खान, रविशंकर पैकरा, जेबा खान, आबकारी उपनिरीक्षक कौशल सोनी, प्रकाश देशमुख द्वारा की गयी है।

### पड़ोसी राज्य से लाकर खपा रहे

राजधानी में शराब कोचिया तस्करों से साठ-गांठ कर पंजाब, हरियाणा, मध्यप्रदेश निर्मित शराब खपाने का काम कर रहे हैं। ऐसे में पुलिस तथा आबकारी विभाग के अफसरों को दूसरे प्रांत से लाकर खपाई जा रही शराब बेचने वालों के खिलाफ कार्रवाई एक बड़ी चुनौती है। पूर्व में भी पुलिस ने खमतराई थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए महंगी ब्रांड की पंजाब निर्मित शराब जब्ती की कार्रवाई की थी। पड़ोसी राज्यों से शराब लाकर तस्करी करने वाली शराब को ढाबा के साथ कोचियों को खपाने का काम कर रहे हैं।

**मार्कशीट गुमा**

मैं श्रीमती प्रज्ञा पति आशाराम जांगड़े निवासी रविग्राम तेलीबांधा तहसील व जिला रायपुर छ.ग. निम्नलिखित कथन शपथपूर्वक करती हूं कि:-

1. यह कि मेरा नाम व पता उपरोक्तानुसार है।
2. यह कि मैंने जी.एन.एम. प्रथम वर्ष की परीक्षा बिहेवियर साईंस सब्जेक्ट का पूरक में उत्तीर्ण हुआ मार्कशीट जो रामकृष्ण इंस्टीट्यूट रायपुरा रायपुर से वर्ष 2018 में उत्तीर्ण की हूं। जिसकी मूल अंक सूची मोवा बाजार पंडरी रायपुर के पास माह जनवरी 2024 को गुम हो गयी है। ढूंढने पर नहीं मिल रहा है। जिसका रोल नंबर 32029 है।
3. यह कि मैं अपने उक्त गुम हुए अंकसूची की द्वितीय प्रति (डुप्लीकेट) कॉपी प्राप्त करना चाहती हूं, इसलिए यह शपथ पत्र सक्षम अधिकारी के समक्ष अपने उपरोक्त कथनों के समर्थन में प्रस्तुत कर रही हूं।

**शपथकर्ती**

**सत्यापन**

मैं उपरोक्त शपथकर्ती सत्यनिष्ठा से सत्यापित करती हूं कि इस शपथ पत्र की कंडिका क्रमांक 01 से 03 के कथन मेरी स्वयं की जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनांक को स्थान रायपुर में अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया हूं।

रायपुर छ.ग.
दिनांक 02/04/2024

**शपथकर्ती**

**// आम सूचना //**

**जारी दिनांक 15/4/2024**

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक अंकित द्विवेदी पिता श्री सुशील चंद द्विवेदी निवासी बोरियाकला रायपुर द्वारा आवेदित ग्राम केन्द्री प.ह.नं. 16 राजस्व निरीक्षक मंडल केंद्री स्थित भूमि खसरा नंबर 594/1 रकबा क्रमशः 1.0428 हे. भूमि का न्यायालय तहसीलदार अभनपुर आदेश दिनांक 08/4/2024 के परिपालन में दिनांक 30/4/2024 को समय अपरान्ह 12 बजे मेरे द्वारा किया जाना नियत किया गया हैं । अतः उक्त बटांकन से जिस किसी व्यक्ति या संस्था को कोई दावा/आपत्ति हो वे उक्त बटांकन में नक्शा त्रुटि सुधार हेतु नियत तिथि में हल्का पटवारी हल्का नंबर 16 के केन्द्री स्थित पटवारी कार्यालय में अपने दस्तावेजो सहित स्वयं या अपने वैध अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकते हैं। इसके उपरांत किसी दावा/आपत्ति पर मेरे द्वारा विचार किया जाना संभव नहीं होगा ।

**राजस्व निरीक्षक**
**रा.नि.मं. केन्द्री, अभनपुर (छ.ग.)**

**Public Notice for Surname Change**

This is to inform the Public that I, Aaditya Masih S/o: Prakash Kumar Masih, aged 29 years, resident of Raja Talab, Near Shiv Mandir, Street No. 01, District-Raipur, State-Chhattisgarh, 492001, Earlier my name was Aaditya Gond or that which is recorded in all my records/documents. I have changed my name to the new alias AADITYA MASIH and have submitted an affidavit to this effect before the competent authority.

Therefore, from now on I should be known, called, and recorded as Aaditya Masih S/o: Prakash Kumar Masih.

Place: Raipur
Date :20/10/2023

| Previously Name | Present Name |
|---|---|
| Aaditya Gond S/o: Prakash Kumar Masih Resident: Raja Talab, Near Shiv Mandir, Street No. 01, District-Raipur, State-Chhattisgarh, 492001 | Aaditya Masih S/o: Prakash Kumar Masih Resident: Raja Talab, Near Shiv Mandir, Street No. 01, District-Raipur State-Chhattisgarh, 492001 |

**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर जिला रायपुर (छ.ग.)**

**ईश्तहार**

क्रमांक/....../अ-6(अ)/2024
ग्राम देवपुरी प.ह.नं. 73
तहसील रायपुर, जिला रायपुर (छ.ग.)
रायपुर, दिनांक 12/04/2024

एतद द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री संदीप कंवल पिता सिरुराम कंवल निवासी मकान नंबर 04 धमतरी रोड, शदाणी दरबार नगर रायपुर तहसील व जिला रायपुर के द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 कि धारा 115 के तहत आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है कि ग्राम देवपुरी पटवारी हल्का नंबर 73 तहसील व जिला रायपुर स्थित परिवर्तित आवासी भूमि खसरा नंबर 66/18 रकबा 0.0180 हे. भूमि आवेदक के द्वारा धारित कि जाती है। उक्त वर्णित भूमि का पंजीकृत बैनामा दिनांक 31/03/2011 के माध्यम से विक्रेता श्रीमती भाविका भ्मसंद पति श्री मनोज मंसद से क्रय किया गया है। उक्त वर्णित भूमि के राजस्व अभिलेख में आवेदक के पिता का नाम सिरुमल कंवल दर्शित हो रहा है जबकि आवेदक के पिता का सिरुराम कंवल है जो कि पंजीकृत विक्रय विलेख में स्पष्ट है। आवेदक द्वारा आवेदित भूमि पर आवेदक के पिता का नाम सिरुमल कंवल के स्थान पर सिरुराम कंवल ऑनलाईन राजस्व अभिलेख में दुरुस्त किये जाने का निवेदन किया गया है। जिसकी सुनवाई न्यायालय में दिनांक 29/04/2024 को नियत है। अतः आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन के संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को दावा/आपत्ति प्रस्तुत करना हो वे नियत सुनवाई दिनांक 29/04/2024 तक स्वतः अथवा वैध प्रतिनिधि के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर दावा/ आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। नियत समयावधि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर न्यायालय द्वारा विचार नहीं किया जावेगा ।

आज दिनांक 12/04/2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुहर से जारी किया गया ।

मुहर **अतिरिक्त तहसीलदार रायपुर (छ.ग.)**






# सालभर में एक हजार से अधिक कार्रवाई, डेढ़ करोड़ जुर्माना वसूला फिर भी खदानें बेलगाम


हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

रायपुर जिले में खनिज विभाग ने रेत, मुरुम एवं गिट्टी के अवैध उत्खनन व परिवहन से जुड़े सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की है। इस कार्रवाई के दौरान लगभग डेढ़ करोड़ रुपये का जुर्माना भी वसूला है, बावजूद रेत, मुरुम व पत्थर खदानों पर विभाग का नियंत्रण नहीं है। इन खदानों में अवैध उत्खनन का काम लगातार चल रहा है, जिसके कारण हर महीने करोड़ों के राजस्व का नुकसान हो रहा है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अप्रैल 2023 से लेकर 31 मार्च 2024 के दौरान खनिज विभाग ने जिलेभर में खनिजों के अवैध उत्खनन-परिवहन के एक हजार से अधिक प्रकरण सामने आये हैं। इन प्रकरणों में कुछेक प्रकरण में ही खदानों में अवैध व नियम विरुद्ध तरीके से उत्खनन करने के मामलों में कार्रवाई की गई है, जबकि शेष सभी प्रकरण में अवैध परिवहन में संलिप्त गाड़ियों को पकड़ा गया है। इसमें हाईवा एवं ट्रैक्टर ट्राली आदि वाहन शामिल हैं। सूत्रों के अनुसार विभाग ने सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई करते हुए लगभग डेढ़ करोड़ रुपये की राशि जुर्माना के रूप में वसूल की है।

### इन क्षेत्रों में की गई कार्रवाई

विभाग ने धरसींवा, विधानसभा, माना, मंदिर हसौद, सिलियारी, तिल्दा, आरंग, खरोरा, भनपुरी, उपरवारा, राखी व अभनपुर क्षेत्र में जांच अभियान चलाकर इन प्रकरणों पर कार्रवाई की है। कई प्रकरणों में विभागीय टीम ने रात में गश्त कर गाड़ियों को पकड़ा है।





फाइल फोटो

### करीब 300 मुरुम-गिट्टी व ईंट के प्रकरण

जिले में रेत के साथ मुरुम, गिट्टी व ईंट के अवैध परिवहन के मामलों में करीब 300 गाड़ियां पकड़ी हैं। इन गाड़ियों के मालिकों से भी जुर्माना वसूला गया है।

### अवैध रेत परिवहन के 700 से ज्यादा प्रकरण

जिले में सालभर में एक हजार से अधिक प्रकरणों पर कार्रवाई की गई है। इनमें सबसे ज्यादा रेत के अवैध परिवहन के प्रकरण हैं। सूत्रों के अनुसार इनकी संख्या 7 सौ से ज्यादा है। विभाग ने इन प्रकरणों में गाड़ियों को जब्त कर वाहन मालिकों से जुर्माना राशि वसूली है।

### खदानों में नहीं की जा रही कार्रवाई

सालभर में हुई कार्रवाई बताती है कि जिले की कई खदानों में रेत, पत्थर एवं मुरुम का अवैध उत्खनन का काम धड़ल्ले से जारी है। इन खदानों में अवैध उत्खनन होने के कारण ही जिले में खनिज सामग्री का अवैध परिवहन हो रहा है। हालांकि विभाग ने कार्रवाई में रायपुर के साथ दूसरे जिलों की गाड़ियों को भी पकड़ा है, जिनमें कई गाड़ी को रायपुर से दूसरे जिलों में परिवहन कर ले जाते समय पकड़ा है। इससे स्पष्ट है कि जिले में कई खदानों में अवैध उत्खनन का काम जारी होने के बावजूद इसे रोका नहीं जा रहा।

## खबर संक्षेप



### ई-रिक्शा में घूम-घूमकर मोबाइल लूट, नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

**रायपुर।** ई-रिक्शा पर सवार होकर मोबाइल लूट की घटना को अंजाम देने के आरोप में पुलिस ने एक नाबालिग सहित तीन बदमाशों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से लूट का चार मोबाइल जब्त किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाशों ने मंगलवार को काली मंदिर दर्शन करने आए मामा-भांजा के साथ लूट की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस के मुताबिक लूट के आरोप में अनिकेत बेहरा, मन हरपाल तथा एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार देवेंद्र कुमार साहू आकाशवाणी चौक स्थित काली मंदिर में घटना दिनांक को दर्शन करने आए थे। इसी दौरान ऑटो सवार बदमाशों ने देवेंद्र के साथ मोबाइल लूट की घटना को अंजाम दिया। सीसीटीवी फूटेज के आधार पर पुलिस ने नाबालिग को पकड़कर पूछताछ की, तो उसने अपने अनिकेत तथा मन के साथ लूट की घटना को अंजाम देने का अपराध कबूल किया। पूछताछ में बदमाशों ने पुलिस को बताया कि उन लोगों ने चार स्थानों पर लूट की घटना को अंजाम दिया है।

### सैनिकों ने प्याऊ खोलकर लिया जनसेवा का संकल्प



**रायपुर।** चंगोराभाठा सैनिक नगर में सेवानिवृत्त फौजियों द्वारा सार्वजनिक प्याऊघर खोलकर जल वितरण सेवा की शुरुआत की गई। इसका शुभारंभ नगर निगम सभापति प्रमोद दुबे ने किया। देशसेवा के बाद जनसेवा की इस अनूठी पहल में सैनिकों के साथ उनके परिजन भी सेवा कार्य में जुड़ने तत्पर दिखे। श्री दुबे ने कहा कि लंबे समय तक देश की सीमा में सेवा करने के बाद अब सैनिकों के जनता की सेवा करने से लोग प्रोत्साहित होंगे। इस अवसर पर फौजी बीसी ठाकुर, मूलचंद, दीपक सिन्हा, चन्द्रेश शर्मा, नागेंद्र सिंह, कुशलेश गौतम, रोहित गुप्ता, संजीव सोनी, राजेश तिवारी, अरुण बाजपेयी, विजय शर्मा, जगदीश सिंह, संजय चौबे, सूरज दुबे, राजकुमार दुबे, सुशील तिवारी, दिवाकर वर्मा, राजेंद्र पारख सहित सैनिकों के परिजन उपस्थित थे।

### बौद्ध समाज ने डीआरएम को सौंपा ज्ञापन



**रायपुर।** भारतीय बौद्ध महासभा, बौद्ध समाज के प्रतिनिधियों द्वारा दुर्ग के रेलवे स्टेशन में लगी संविधान निर्माता बाबा साहेब आंबेडकर जी की फोटो को मुख्य टिकट निरीक्षक द्वारा 15 अप्रैल को कचरे के डिब्बे में फेंका गया है जिसके विरोध में रायपुर के डीआरएम संजीव कुमार साहू एवं डीआरएम राजेंद्र कुमार साहू को ज्ञापन सौंपा। साथ ही मुख्य टिकट निरीक्षक को निलंबित कर आवश्यक कार्यवाही करने की मांग की, उन्हें यह भी अवगत कराया गया की समाज के लोगों में भारी आक्रोश है। इस पर समाज की मांग को सुनते हुए दुर्ग कार्यालय में जांच का आदेश दे दिया है, अगर एक सप्ताह के अंदर टिकक निरीक्षक पर कार्यवाही नहीं की जाती है तो समाज द्वारा उग्र प्रदर्शन किया जाएगा, जिसकी जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी। ज्ञापन सौंपेने वाले प्रकाश रामटेके, भोजराज गौरखेड़े, सुनील वांद्रे, संजय गजघाटे, कमलेश रामटेके, बेनीराम गायकवाड़, राहुल रामटेके, विजय चौहान, हितेश गायकवाड़, अविनाश थूल आदि शामिल थे।

## पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़कों को समतल करने में बरती जा रही लापरवाही

# ठेकेदारों की लापरवाही, गड्ढों को समतल करने 3 इंच ढलाई कर रहे, बारिश में धंसेगी सड़क

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

अमृत नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को रेत-गिट्टी से ढलाई कर समतल करने का कार्य नवा रायपुर के कई गांवों में चल रहा है। इन कामों में अब ठेकेदारों की मनमानी और बड़ी लापरवाही देखने को मिल रही है। खोदी गई सड़क को मिट्टी से पाटने के बाद उसे समतल करने 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क को मजबूती नहीं मिल पा रही। परिणाम स्वरूप बारिश के दिनों में इस सड़क पर गाड़ियों के गुजरते ही इसके धंसने की पूरी संभावना है। इधर इस मामले में जिला पंचायत के अधिकारी का कहना है कि नल-जल योजना में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अगर कोई ठेकेदार सड़क को समतल करने में लापरवाही बरत जा रहा है, तो इसकी जांच कराकर उसके विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी।

नवा रायपुर के ग्राम चेरिया सहित आसपास के कई ग्रामों में अमृत नल जल योजना के तहत घर-घर पानी पहुंचाने के लिए पाइप लाइन बिछाई गई है। इस पाइप लाइन को बिछाने के लिए यहां सड़कों की खुदाई हुई थी। इन गड्ढों में पाइप लाइन बिछाये कई महीने बीत चुके हैं, वहीं गड्ढों को समतल करने का काम अब जाकर शुरू हुआ है। सूत्रों के अनुसार इन गड्ढों को समतल करने के लिए क्षेत्र के पीएचई विभाग के असिस्टेंड इंजीनियर के मार्गदर्शन में संबंधित ठेकेदार कार्य कर रहे हैं। गड्ढों को समतल करने से पहले पहले मिट्टी से पाटा गया है, जिसे अब रेत, गिट्टी व सीमेंट से ढलाई कर इसे समतल किया जा रहा है। गांव के लोगों ने बताया कि गड्ढों को समतल करने का काम खानापूर्ति है, क्योंकि इन गड्ढों में सिर्फ 2 से 3 इंच ही ढलाई की जा रही है, जिससे सड़क बहुत कमजोर बन रही है। इस ढलाई के बाद सड़क कभी भी धंस सकती है। गांव में बड़ी गाड़ियों का आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में ढलाई मजबूत नहीं होने के कारण सड़क कभी भी धंस सकती है। खासकर बारिश के दिनों में सड़क के धंसने की ज्यादा संभावना है। ऐसा हुआ तो सड़क फिर गड्ढों में तब्दील हो जाएगी।



### अभनपुर, तिल्दा, आरंग क्षेत्र के कई गांव में बरती जा रही लापरवाही

नवा रायपुर के साथ अभनपुर, तिल्दा, आरंग ब्लाक के कई गांव में पाइप लाइन बिछाने खोदी गई सड़क को समतलीकरण का काम चल रहा है। इन क्षेत्रों में भी कई गांव में खोदी गई सड़क को समतल करने में लापरवाही बरती जा रही है।

### लापरवाही दिखी तो करेंगे कार्रवाई

जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में नल-जल योजनाओं के तहत पाइप लाइन बिछाने के बाद गड्ढों को भरकर सड़क को समतल करने का काम चल रहा है। ग्राम चेरिया में सड़क समतल करने में ठेकेदार लापरवाही बरत रहा है, इसकी जानकारी मिली है। संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए हैं जांच कर कार्रवाई करे।

**- विश्वदीप,** सीईओ, जिला पंचायत रायपुर

### ग्रामीण दे चुके हैं पीएचई विभाग को जानकारी

ग्रामीणों ने बताया कि ठेकेदारों के लापरवाही पूर्वक सड़क के समतलीकरण किए जाने की जानकारी पीएचई विभाग के अधिकारियों को दे चुके हैं, लेकिन इसके बाद भी अधिकारी गड्ढों को समतल करने का किस तरह से कार्य चल रहा है, इसका निरीक्षण करने तक नहीं पहुंचे हैं। इसके कारण ठेकेदार अपना लाभ देखते हुए इन गड्ढों को समतल करने का काम कर रहा है।

### सड़क धंसी तो बारिश में ग्रामीण होंगे परेशान

ठेकेदारों की लापरवाही का दुष्परिणाम ग्रामीणों को आगामी दिनों में भुगतना पड़ सकता है। आगामी महीनों में बारिश का सीजन शुरू होगा। ऐसे में अगर समतल की गई सड़कें धंसेगी तो इससे ग्रामीणों की परेशानी बढ़ जाएगी। बारिश के दिनों में वैसे ही सड़कों का काम नहीं होता। ऐसे में ग्रामीणों को सीजनभर गड्ढों के कारण परेशान होना पड़ेगा।

# एनएमसी ने सभी मेडिकल कालेजों ने मांगा स्टाइपेंड दिए जाने का ब्योरा

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर



■ सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के आधार पर मांगी गई जानकारी

छत्तीसगढ़ समेत देश के तमाम मेडिकल कालेज, चिकित्सा संस्थानों, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों को संस्थान में दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा देना होगा। अनियमितता के संदेह और स्टाइपेंड नहीं दिए जाने संबंधी याचिका के आधार पर सुप्रीम कोर्ट ने निर्देश जारी कर 23 अप्रैल तक जानकारी प्रेषित करने कहा है। जानकारी के मुताबिक एक आर्मी मेडिकल कालेज के छात्र को स्टाइपेंड नहीं दिए जाने की याचिका पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग से पूरे देश के मेडिकल कालेज में चिकित्सा छात्रों को दिए जाने वाले स्टाइपेंड का ब्योरा मांगा है। इस आधार पर एनएमसी की ओर से सार्वजनिक रूप से नोटिस जारी कर 23 अप्रैल को इससे संबंधित जानकारी सभी मेडिकल कालेज, सुपर स्पेशलिटी हास्पिटल सहित चिकित्सा संस्थानों को प्रेषित करने कहा गया है। मेडिकल कालेज से संबंधित अस्पताल, चिकित्सा संस्थान तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमबीबीएस वाले इंटर्न, पीजी कोर्स वाले सीनियर, जूनियर रेजिडेंट्स तथा सुपर स्पेशलिटी हास्पिटलों में एमसीएच कोर्स वाले छात्रों को स्टाइपेंड दिया जाता है।

### मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर टीवी तोड़ा

**रायपुर।** खमतराई थाना में एक मोबाइल दुकान के संचालक ने एक युवक के खिलाफ मोबाइल किस्त पटाने के विवाद पर 35 हजार रुपए कीमत का टीवी तोड़ने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। पुलिस के मुताबिक खगेंद्र ने कुंदन दीक्षित के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। खगेंद्र ने पुलिस को बताया है कि कुंदन ने उसकी दुकान से चार माह पूर्व फाइनेंस में मोबाइल खरीदा था। किस्त नहीं पटाने की वजह से फाइनेंस कंपनी ने कुंदन का मोबाइल लॉक कर दिया। इससे नाराज होकर कुंदन खगेंद्र की दुकान में पहुंचा और मोबाइल लॉक होने की बात को लेकर विवाद करते हुए दुकान में लगे एलईडी टीवी को तोड़ दिया।

■ गांजा तस्करी करने के आरोप में पुलिस ने तीन तस्करों को किया गिरफ्तार

# दो अलग-अलग मामलों में 70 किलो गांजा जब्त





हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

■ एक अन्य मामले में तस्कर गांजा को ओडिशा से गुजरात ले जा रहे थे

राजधानी पुलिस ने निजता अभियान के तहत तीन गांजा तस्करों के कब्जे से 70 किलो गांजा जब्त किया है। जब्त गांजा की कीमत सात लाख रुपए से ज्यादा आंकी गई है। एक तस्कर कार से तस्करी कर खपाने के लिए गांजा लाया था, जबकि एक अन्य मामले में गिरफ्तार गांजा तस्कर ओडिशा से गांजा तस्करी कर गुजरात, सूरत ले जा रहा था। पुलिस को चकमा देने गांजा तस्कर मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन पर उतरकर सड़क के रास्ते जाने की फिराक में था। पुलिस ने तीनों गांजा तस्करों को मुखबिर की सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है।

पुलिस के मुताबिक सरस्वती नगर थाना क्षेत्र में ओडिशा, गंजाम निवासी संतोष उर्फ हाडू बंधु बेहरा, सागर जेना के कब्जे से 31 किलो गांजा जब्त किया है। संतोष और उसका दूसरा साथी कार से गांजा तस्करी कर लाए थे। पुलिस के अनुसार पकड़े गए दोनों आरोपी लंबे अरसे से सरस्वती नगर इलाके में किराए के मकान लेकर रह रहे थे। संतोष और उसका साथी यहां रहकर स्वयं के साथ अन्य लोगों के माध्यम से कमीशन पर गांजा बिकवाने का काम करते थे।

### ट्रेन रूट से गांजा तस्करी

एक अन्य मामले में मंदिर हसौद थाने की पुलिस ने ओडिशा, राजा खरियार निवासी नरेश निहाल के कब्जे से 40 किलो गांजा जब्त किया है। पुलिस के अनुसार नरेश गांजा को तस्करी के माध्यम से गुजरात, सूरत में डिलीवरी देने के लिए जा रहा था। रेलवे स्टेशन पर जांच में पकड़े जाने की आशंका पर नरेश मंदिर हसौद रेलवे स्टेशन से उतरकर सड़क के रास्ते गांजा ले जाने की फिराक में था।

# चौराहों पर नियम के पेंच में फंसा शेड, धूप से बचने जेब्रा क्रांसिंग-रेलवे फाटक के पास लोग तलाश रहे छांव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| रायपुर

खास खबर

झुलसाने वाली धूप ने अप्रैल में असर दिखाना शुरू किया है। वहीं चौराहों से आने-जाने के लिए लेफ्ट व राइट टर्न के लिए बनाई गई व्यवस्था फेल होने लगी है। ज्यादातर दोपहिया चालकों के चौराहों पर रेड सिग्नल को जम्प करने से बचाने के लिए जेब्रा क्रासिंग बनवाया है, लेकिन दोपहिया चालक वहां तक जाने के बजाय धूप में खड़े होने से बचने के लिए आसपास पेड़ की छांव तलाशने लगे हैं। इससे जिन्हें सिग्नल पार नहीं करना है, ऐसे दोपहिया चालकों को भी आने-जाने में परेशानी होने लगी है। रेलवे फाटक बंद होने से डब्ल्यूआरएस, कचना, उरकुरा, संन्यासी पारा में सुकून की छांव तलाशनी पड़ रही है।

राजधानी में वाहन चालकों की सुविधा के लिए चौराहों पर ट्रैफिक पुलिस ने लेफ्ट व राइट टर्न के लिए सिस्टम बनाया है। यह प्रयोग समय और ईंधन बचाने के लिए किया गया। इसके बाद उत्तर विधानसभा क्षेत्र में विगत 5 साल में कई चौराहों पर लोगों को मौसम की मार से बचाने के लिए विधायक निधी का इस्तेमाल करते हुए 75 लाख से ज्यादा फंड खर्च करके शेड का निर्माण करवाया गया है। कलेक्टोरेट चौक व पंडरी चौक के लिए प्रक्रिया होने के बाद आपत्ति के कारण शेड निर्माण अटका है। इससे लोगों को लाखों खर्च करने के बाद भी अधूरी सुविधा मिल रही है। इसका असर ट्रैफिक पर भी पड़ने लगा है। कई स्पाट ऐसे हैं, जहां लोग धूप से बचने के लिए छांव में दोपहिया लेकर खड़े हो जाते हैं। इससे जिन्हें लेफ्ट और राइट टर्न लेना होता है, वे भी फंसते हैं।

### राजधानी का टेम्प्रेचर 40 डिग्री पार होते ही लेफ्ट व राइट टर्न में बन रहे रोड़ा





### इन स्थानों पर मंजूरी के बाद रुका काम

निगम सूत्रों ने बताया कि राजभवन से कलेक्टोरेट पहुंच मार्ग पर सिग्नल के पास शेड लगाने के लिए मंजूरी मिलने के बाद नियम का पेंच फंसा। इस वजह से अम्बेडकर अस्पताल चौक से पंडरी जाने वाले रूट पर खालसा स्कूल चौक के पास शेड लगाने का काम शुरू नहीं हो पाया है। इस प्रक्रिया में नियम का पेंच फंसने से 6 चौराहों पर 8 शेड निर्माण पर एक करोड़ 20 लाख से ज्यादा बजट खर्च करने के बाद आपत्ति आने पर नियम की जांच हुई। इससे लोगों की सुविधा के लिए सभी चौराहों पर शेड निर्माण का प्लान भी फेल हुआ। जिन स्थानों पर लगाने स्वीकृति मिली, उसे भी रोका गया।

### पहले दिया फंड, अब नियम का अड़ेगा

जिला प्रशासन व निगम सूत्रों ने बताया कि पूर्व में विधायक निधी से चौराहों पर शेड बनाने के लिए विधायक निधी के तहत फंड जारी किया गया। इससे कलेक्टोरेट चौक, देवेन्द्र नगर चौक, फाफाडीह चौक, मरीन ड्राइव चौक, शंकर नगर चौक, भगत सिंह चौक पर आधा-अधूरा शेड निर्माण हुआ है। इन चौराहों पर बचे हुए रूट पर शेड निर्माण के लिए बनाई गई कार्ययोजना फंड को नियम विरुद्ध खर्च करने का पेंच फंसने से आगामी कार्रवाई भी अटक गई है। इससे लोगों को जहां अधूरी सुविधा मिल रही है, वहीं कई स्थानों पर इसकी वजह से लोगों की आवाजाही भी प्रभावित होने लगी है।

### राहत की छांव से लेफ्ट-राइट टर्न बेकार

कलेक्टोरेट चौक पर राजभवन रूट से आने वाले ही नहीं, बल्कि ऑक्सीजोन से राजभवन जाने के लिए रेड सिग्नल होने पर लोग मल्टीलेवल पार्किंग की छांव में दोपहर 1 बजे तक रुकते हैं। इससे लेफ्ट व राइट टर्न का उपयोग करने वाले लोगों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। लोग अक्सर इन स्थानों पर एक-दूसरे से विवाद करते भी नजर आते हैं। इसी तरह देवेन्द्र नगर चौक पर अम्बेडकर अस्पताल से केनाल रोड के रास्ते मौदहापारा और स्टेशन रोड जाने वाले भी छांव में खड़े होने वाले लोगों को हार्न देकर हटाने की स्थिति में आपस में उलझते हैं। अधूरे निर्माण से यह स्थिति बन रही है।

### कन्फर्म बर्थ की मारामारी राहत देगी दुर्ग जबलपुर समर स्पेशल एक्सप्रेस

**रायपुर।** गर्मी के दिनों में विभिन्न क्षेत्रों के लिए संचालित होने वाली ट्रेनों में कन्फर्म बर्थ की मारामारी मची हुई है। लंबी वेटिंग कम करने रेल प्रशासन समर स्पेशल ट्रेन संचालित की जा रही है। इसी दौर में 22 अप्रैल से नौ फेरों की दुर्ग-जबलपुर समर स्पेशल ट्रेन का संचालन किया जाएगा। यह ट्रेन प्रत्येक सोमवार को जबलपुर और मंगलवार को दुर्ग से रवाना होगी। गर्मी के सीजन में विभिन्न क्षेत्रों के लिए संचालित होने वाली ट्रेनों में वेटिंग लिस्ट काफी लंबी चल रही है और लोगों को कन्फर्म बर्थ के लिए ऐड़ी-चोटी का जोर लगाना पड़ रहा है। रेल प्रशासन यात्रियों की इस परेशानी को समझते हुए ग्रीष्मकालीन ट्रेनों के माध्यम से उनकी परेशानी कम करने का प्रयास कर रहा है। इस दौर में जबलपुर-दुर्ग के बीच 22 अप्रैल से समर स्पेशल ट्रेन पटरी पर आएगी। इसका संचालन साप्ताहिक होगा। 23 अप्रैल से 18 जून तक प्रत्येक मंगलवार को यहां ट्रेन सुबह 9.30 बजे दुर्ग से रवाना होकर 10.10 बजे रायपुर पहुंचेगी। इसके बाद आठ स्टेशन पर स्टापेज लेते हुए रात 9.15 बजे जबलपुर पहुंचेगी।

## पाठक सूचना

**हरिभूमि** के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

**9827555678, 8224868411**

## बिजनेस साइट

# लायंस क्लब शीखर के साथ बाल आश्रम के बच्चों ने देखा जादूगर सम्राट अजूबा का जादू



**रायपुर।** सिटी कोतवाली चौक स्थित रंगमंदिर ऑडिटोरियम में चल रहे विश्व प्रसिद्ध जादूगर सम्राट अजूबा का जादू बुधवार को लायंस क्लब शीखर रायपुर की चार्टर्ड प्रेसिडेंट सरोज पांडेय, मीनाक्षी भार्गव, पम्मी रोकड़िया, ममता साहू, प्रभा मंथा के साथ बाल आश्रम के बच्चों ने जादू शो देखा। शो के दौरान जादूगर सम्राट अजूबा ने वाटर डेथ चैलेंज व एक लड़की को हवा में उड़ाकर सभी को दांतों तले उंगलियां दबाने पर मजबूर कर दिया। शो के दौरान एक ब्लेड खाकर 100 ब्लेड निकालना भी लोगों को हैरान कर दिया।

सरोज पांडेय ने कहा कि ऐसा जादू शो रायपुर शहर में पहली बार आया है जिसे कि हम सब पूरे परिवार के साथ देख सकते हैं। शो प्रबंधक रुद्र प्रताप सिंह के अनुसार स्कूल, कोचिंग, ग्रुप बुकिंग के लिए विशेष छूट दिया जा रहा है। रोजाना 3 शो चलते हैं 1 बजे, 4 बजे एवं शाम 7 बजे से जिसका टिकट ऑनलाइन या रंगमंदिर परिसर में बने टिकट काउन्टर से ले सकते हैं।



रायपुर, गुरुवार 18 अप्रैल 2024
हरिभूमि लाइव

# राज तिलक...अयोध्या की तर्ज पर सजा राम दरबार



श्रीराम मंदिर, वीआईपी रोड

अयोध्या में रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा के बाद इस रामनवमी का उत्साह शहर में भी देखने लायक रहा। वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर सहित शहर के सभी देवालयों को रंगीन लाइट से सजाया गया था। राम दरबार में भक्तों की भीड़ के बीच व्यवस्था बनाने वालों ने इसे उत्सव बनाने में सहयोग दिया। मंदिरों में दोपहर 12 बजे से भजन-कीर्तन और मंत्रोच्चार संग पूजा-अर्चना की गई। राम जन्म से राज तिलक तक, सारी रस्में भी निभाई गई। यह परंपरा लगभग सभी राम मंदिरों में देखने को मिली। सार्वजनिक महोत्सव में हजारों की तादाद में शामिल भक्तों ने शोभायात्रा में भगवा ध्वज के साथ रामलला के जन्मोत्सव पर जयघोष किया।





जैतूसाव मठ



तेलगु वेलफेयर सोसायटी

## जैतूसाव में भजन-कीर्तन, आज भोग

प्राचीन दूधाधारी मठ और जैतूसाव मठ में सुबह 5 बजे से ही जन्मोत्सव में शामिल होने के लिए आस-पास रहने वाले सैकड़ों भक्त परिवार पहुंचे। इनकी मौजूदगी में 21 पंडितों ने आराध्य देव का पंचामृत स्नान कराया। इसके बाद स्वर्ण आभूषणों और फूल-माला से श्रृंगार किया। मठ परिसर में महिलाओं की टोली ने रामनवमी के अवसर पर भजन-कीर्तन करते हुए आने वाले श्रद्धालुओं को भक्ति से ओतप्रोत किया। जैतूसाव मठ के प्रमुख अजय तिवारी ने बताया, गुरुवार को एक बजे भोग एवं आरती होगी, इसमें हजारों भक्त आते हैं।

**रायपुर।** वीआईपी रोड स्थित राम मंदिर के प्रमुख पुजारी डॉ. हनुमंत लाल ने बताया, पंडितों ने मंत्रोच्चार करते हुए आराध्य देव का अभिषेक, श्रृंगार करने के बाद सवामणी भोग चढ़ाया। भजन-गायकों ने प्रभु राम की भक्ति से ओतप्रोत गीतों को पेश करते हुए लोगों को भाव-विभोर किया। शाम को 5 हजार दीपों से महाआरती की गई। रामलला की रंगोली आकर्षण का केंद्र रही। आतिशबाजी ने रामनवमी को खास बनाया। वृंदावन के भजन गायक रमण बिहारी ग्रुप ने भजन-संध्या में भजनों की श्रृंखला सजाई।



## हनुमान जैसी होनी चाहिए छलांग

हर साल की तरह श्री हनुमान महापाठ समिति द्वारा रामनवमी पर बूढ़ापारा स्थित स्पोर्ट्स मैदान में शाम 7 बजे श्री हनुमान चालीसा महापाठ हुआ। पं. विजय शंकर मेहता ने व्याख्यान में इस बार भक्त हनुमान द्वारा लगाए गए 8 छलांग से जुड़ी कथा को प्रसंगवत किया। उन्होंने बताया, जीवन में छलांग भक्त हनुमान के जैसी होनी चाहिए। इसमें लोक कल्याण निहित होना चाहिए। अतिथि के रुप में संस्कृति मंत्री बृजमोहन अग्रवाल, महंत रामसुन्दर दास, सांसद सुनील सोनी, उदय शदानी, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय और सभापति प्रमोद दुबे प्रमुख रुप से मौजूद थे। संयोजक विजय अग्रवाल, शिवनारायण मूंधड़ा, मोहन पवार, डॉ.मुकेश शाह और योगी अग्रवाल रहे।





## आवासीय कॉलोनियों में भी उत्साह

शहर की आवासीय कॉलोनियों में भी उत्साह का माहौल रहा। सांई दर्शन आवासीय समिति ने जोरा में हर्षोल्लास से रामनवमी मनाई। जोरा में महापर्व जैसा माहौल रहा। लोगों ने प्रभु राम की पूजा-अर्चना और आरती कर मंगल भविष्य के लिए कामना की। श्री राम स्तुति एवं महाआरती के बाद प्रसाद भी वितरण किया गया। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, सदस्य एवं आमंत्रित सदस्य मौजूद रहे।सैकड़ों परिवार इसका हिस्सा बने।



श्रीराम मंदिर वीआईपी रोड



## 108 राम रक्षा स्त्रोत पाठ

आध्यात्मिक समिति ने राम भक्तों के साथ बुधवार शाम को 108 राम रक्षा स्त्रोत का सामूहिक पाठ किया। इससे महाराष्ट्र मंडल में भक्तिमय माहौल रहा। आचार्य चेतन गोविंद दंडवते ने बताया, राम रक्षा स्त्रोत और हनुमान चालीसा के संदर्भ में कई ज्ञान वर्धक जानकारी भी इस दौराना दी गई। राम मंदिर के साथ ही शहर के हनुमान मंदिरों में भी विशेष आयोजन और पाठ हुए।



## मंत्रोच्चार संग विवाह की रस्में

तेलगु वेलफेयर सोसायटी में लगातार 13वें साल सार्वजनिक रामनवमी महोत्सव का आयोजन किया गया। दिनभर श्रीलक्ष्मी सांई भवन में भजन-कीर्तन का दौर चला। इसमें राम जन्मोत्सव से, राज तिलक तक की सारी रस्में निभाई गईं। भोग-भंडारे के बाद शाम को बैंड-बाजे के साथ भक्तिमय गीतों पर झूमते-नाचते 5 हजार से ज्यादा भक्त भगवा ध्वज लेकर शोभायात्रा का हिस्सा बने। राम परिवार की झांकी शिवानंद नगर का भ्रमण करते हुए वापस श्रीनगर पहुंची, जहां समापन हुआ।



स्पोर्ट्स मैदान, बूढ़ापारा



तेलगु वेलफेयर सोसायटी



शीतला मंदिर, छत्तीसगढ़ नगर



काली मंदिर, नंदी चौक



## मंदिरों में कन्या भोज, फूलों के दाम में दोगुनी वृद्धि

# निकले हे भुवन ले जोत जवारा...












कंकाली तालाब

"नौ दिनों तक माता की सेवा के बाद नवमी को जवारा विसर्जन किया गया। अधिकतर मंदिरों की ज्योति-जवारा का विसर्जन अष्टमी तिथि पर हवन के बाद ही कर दिया गया था। जिन श्रद्धालुओं ने घरों में जवारा बोए थे, उन्होंने बुधवार को विसर्जन किया। अधिकतर श्रद्धालु अपने घरों में बोए जाने वाले जवारा को लेकर कंकाली पारा तालाब पहुंचे। पुरानी बस्ती, आमपारा तथा बूढ़ापारा से यहां आने वाले मार्ग में दिनभर भीड़ रही। महामाई पारा, भोईपारा, बंधवापारा क्षेत्र से शोभायात्रा निकलकर कंकाली तालाब में जवारा विसर्जन किया गया।

**रायपुर।** इसके अलवा छत्तीसगढ़ नगर और टिकरापारा नंदी चौक से भी भव्य यात्रा निकली। यहां सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालु जवारा विसर्जन यात्रा में शामिल हुए। कन्याओं ने जहां माता का स्वरूप धारण किया, वहीं बाघ व असुर के वेश में भी लोग नजर आए। माता के जस-गीत की धुन पर भक्त झूमते नजर आए। माता के जयकारों से संपूर्ण क्षेत्र गूंज उठा।

### 10 से 15 किलो का बाना

विसर्जन के दौरान बाना एवं सांग को फूल, पत्ती, चमकदार धागा, मोर पंख, माता के विभिन्न स्वरुप के फोटो से सजाया गया। बच्चों संग युवाओं ने अपने शरीर पर बाना और सांग धारण किया। मान्यता के अनुसार बाना या सांग धारण करने के दौरान दर्द का एहसास नहीं होता। बच्चों से लेकर युवाओं तक ने 10 से 15 किलो का बाना धारण किया। वजनी होने के बाद भी बाना एवं सांग धारकों का उत्साह कम नहीं हुआ। भजन और जसगीत की धुन पर वह झूमते हुए तालाब तक पहुंचे और अपने शरीर से सांग-बाना निकाला।



### दंतेश्वरी मंदिर में 200 कन्याओं को भोज

*अष्टमी भोज के बाद नवमी में मंदिरों में कन्या भोज रखा गया। शहर के सभी देवी मंदिर प्रांगण में कन्या भोज का आयोजन किया गया। दंतेश्वरी मंदिर के पुजारी यशवंत सिंह ने बताया, नवमी के दिन माता का स्वरुप मानकर ले नौ कन्याओं को आमंत्रित किया गया। उन्हें मंदिर प्रांगण में भोज कराया गया। इस मौके पर प्रत्येक साल लगभग 200 कन्याओं को भोजन कराया जाता है। लेकिन मुख्य रुप में नौ कन्याओं को भोज पश्चात उपहार स्वरुप विभिन्न वस्तुएं भेट की जाती हैं। शहर स्थित रानी सत्ती मंदिर में भी कन्या भोज कराया गया।*

शीतला मंदिर छत्तीसगढ़ नगर



### गुलाब की पंखुड़ियां 100 रुपए पाव

*नवमी तिथि के कारण फूलों के दाम में भी वृद्धि देखी गई। आम दिनों में 10रुपए में बिकने वाले कमल के फूल की कीमत 20 रुपए रही। वहीं गुलाब की पंखुड़ियां 100 रुपए पाव के भाव से बिकी। गुलाब के छोटे आकार के माला की कीमत भी 100 रुपए तक रही। गेंदे के फूल भी 40 रुपए लड़ के हिसाब से बिके। पीले गेंदे की कीमत संतरे रंग के गेंदे की तुलना में 10 रुपए अधिक रही। लोगों ने विशेष ऑर्डर पर भी हार तैयार करवाए थे।*

### मंदिर के पंडितों ने धारण कराया बाना

*मोती नगर निवसी तुषार साहू बीते 5 सालों से लगातार बाना धारण कर रहे हैं। उन्होंने बताया, परिवार की इष्ट देवी मां काली हैं, जिनके लिए बाना धारण करते हैं। चैत्र नवरात्रि के दौरान लोग मन्नत एवं आस्था के चलते बाना और सांग धारण करते हैं। बाना मंदिर के पंडित धारण कराते हैं, जिसे यात्रा के पश्चात मंदिर में आकर ही उतारा जाता है। इसे धारण करने के दौरान मात्र इंजेक्शन की तरह दर्द का एहसास होता है, जिसका दर्द दो दिनों के अंदर चला जाता है। संतोषी नगर निवसी देव तांडी ने बताया, बाना धारण करने की शुरुआत 6 साल पहले हुई। कुलदेवी माता समलाई के लिए बाना धारण किया।*

### सड़कों पर पानी का छिड़काव

*चिलचिलाती धूप होने के कारण श्रद्धालु जवारा विसर्जन मार्ग पर ठंडे पानी का छिड़काव करते नजर आए। भक्त अपनी आस्था और मन्नत अनुसार जवारा के सापने दंडवत प्रणाम करते दिखे। सड़कों पर फूल, दीपक और पूजा की थाली के साथ जवारा ज्योत का स्वागत किया गया। जसगीतों पर भक्त अपने को झूमने से रोक नहीं सके। आमा पान के पतरी करेला पान के दोना.., जवारा निकल गे... जैसे जसगीत की धून सुनने को मिली।*

## सिटी इवेंट

# बौद्धिक संपदा का हब बनना जरुरी इसके लिए डेटा सिस्टम की मदद



**रायपुर।** एनआईटी और इनफॉर्मेशन डेटा सिस्टम के मध्य एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए हैं। भारत ब्लॉकचेन नेटवर्क में शामिल होने के लिए एनआईटी ने यह पहल की है। यह ब्लॉकचेन खनन और ऊर्जा क्षेत्र में ब्लॉकचेन पर केंद्रित है। इसका लक्ष्य छत्तीसगढ़ के महत्वपूर्ण उद्योगों में नवाचार और व्यावहारिक अनुप्रयोगों को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर एनआईटी निदेशक प्रो.एनवी रमना राव ने ब्लॉकचेन सेंटर से होने वाले फायदे बताए। उन्होंने कहा कि इससे छत्तीसगढ़ को विशेष लाभ होगा। बौद्धिक संपदा विकास का हब-स्पॉट बनने में इससे मदद मिलेगी।

### छात्रों के लिए अन्य समझौते भी

इनफॉर्मेशन डेटा सिस्टम के ग्लोबस वाइस प्रेसिडेंट अरविंद वोरुगंती ने बताया कि शैक्षणिक संस्थानों को इसके साथ लाने से किस तरह के फायदे छात्रों और संस्थानों को होंगे। एनआईटी के विभिन्न संकायाध्यक्ष सहित प्राध्यापक भी इस मौके पर उपस्थित रहे। गौरतलब है कि एनआईटी द्वारा कई तरह के एमओयू कई संस्थानों के साथ मौजूदा शैक्षणिक सत्र में किए गए हैं। छात्रों को विभिन्न सेक्टर में बेहतर मौके मिल सकें, इसलिए ये पहल की जा रही है।

### सीए फाइनल व इंटर 2 मई से, प्रवेशपत्र जारी

**रायपुर।** द इंस्टिट्यूट ऑफ चार्टर्ड एकाउंटेंट्स ऑफ इंडिया' (आईसीएआई) ने सीए फाइनल और सीए इंटरमीडिएट कोर्सेस की मई 2024 में आयोजित की जाने वाली परीक्षाओं में सम्मिलित होने के लिए प्रवेश पत्र जारी कर दिए हैं। संस्थान द्वारा सीए फाइनल व इंटर एडमिट कार्ड बुधवार को जारी किए गए। आईसीएआई ने इन प्रवेश पत्र को डाउनलोड करने के लिए अलग-अलग लिंक भी आधिकारिक वेबसाइट पर एक्टिव कर दिए हैं। ऐसे में जिन छात्र-छात्राओं ने आईसीएआई द्वारा आयोजित की जाने वाली फाइनल या इंटरमीडिएट मई 2024 परीक्षाओं के लिए पंजीकरण किया है, वे परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए अपना प्रवेश पत्र डाउनलोड करने के लिए संस्थान की वेबसाइट पर विजिट कर सकते हैं। इससे पहले आईसीएआई ने सीए फाइनल और सीए इंटर कोर्सेस की मई 2024 परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया था, जिसके अनुसार इन परीक्षाओं का आयोजन संस्थान द्वारा 2 मई से 17 मई तक विभिन्न घोषित तारीखों पर व निर्धारित पालियों में किया जाएगा। विषय के अनुसार परीक्षा तिथि व पाली की जानकारी छात्र-छात्राएं वेबसाइट पर देख सकते हैं।

*मुख्यमंत्री ने की अभ्यर्थियों से चर्चा, कहा-आपने प्रदेश का मान बढ़ाया*

# इंटरव्यू में पूछे गए रोचक सवाल सोशल साइट्स से बनाई रखी दूरी

*यूपीएससी में इस बार छत्तीसगढ़ के सात परीक्षार्थियों का चयन हुआ है। इस बार रायपुर से सर्वाधिक 4 परीक्षार्थियों ने सफलता हासिल की है। शेष तीन परीक्षाथी छग के विभिन्न जिलों के रहने वाले हैं। परिणाम घोषित होने के बाद मुख्यमंत्री विष्णु देव साय द्वारा परीक्षार्थियों से फोन पर चर्चा कर उन्हें बधाई दी गई। मुख्यमंत्री ने कैंडिडेट्स की प्रगति की कामना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।*



**रायपुर।** सीएम साय ने अभ्यर्थियों से बातचीत में कहा, आपने परिजनों के साथ-साथ प्रदेश का भी गौरव बढ़ाया है। रायपुर की पूर्वा अग्रवाल को 189वीं रैंक, अनुषा पिल्ले को 202वीं रैंक, अभिषेक डांगे को 452वीं रैंक और नेहा ब्याडवाल को 569वीं रैंक हासिल हुई है। इनके अलावा जगदलपुर की जिज्ञासा सहारे, बलरामपुर की रश्मि पैकरा और लोरमी के प्रीतेश सिंह राजपूत का भी चयन हुआ है। जिज्ञासा को 681वीं रैंक, प्रीतेश सिंह राजपूत को 697वीं रैंक और रश्मि पैकरा को 881वीं रैंक मिली है।

### राजधानी से सर्वाधिक चयन

जिन 7 अभ्यर्थियों का चयन यूपीएससी में हुआ है, उनमें से 4 राजधानी के हैं। इनमें से कुछ ने नालंदा परिसर में ही पढ़ाई की है। अधिकतर टॉपर्स का कहना रहा कि उन्होंने सेल्फ स्टडी पर विशेष ध्यान दिया। इंस्टाग्राम, फेसबुक सहित दूसरे सोशल साइट्स से भी टॉपर्स ने दूरी बनाकर रखी। अन्य वर्षों की तरह इस बार भी इंटरव्यू में रोचक सवाल पूछे गए। छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित जिलों से जुड़े सवाल भी पूछे गए। चयनित परीक्षार्थियों से मुख्यमंत्री ने विस्तृत चर्चा की।

# पक्षियों को राहत देने बांटे गए 2000 सकोरे व 3500 दाना पैकेट



**रायपुर।** गर्मी के मिजाज को देखते हुए युवाओं के ग्रुप ने रामनवमी के खास मौके पर बेजुबान पक्षियों की सेवा करते हुए, इससे लोगों को भी जोड़ने के लिए प्रयास शुरु किया है। पक्षियों की सेवा लोग अपने घर की छत, बालकनी, और पेड़-पौधों की छांव में कर सकते हैं। इसके लिए जागरुक करने के साथ ही लोगों को इससे जोड़ने के लिए उन्हें सकोरा और दाना बांटना शुरु किया है। शहर की संस्था नेकी कर फाउंडेशन ने बेजुबान पक्षियों के लिए सकोरा और दाना बांटना प्रारंभ कर दिया है। संस्था के युवाओं द्वारा लोगों को भी पक्षी सेवा के लिए प्रेरित किया गया। इसके लिए संस्था ने 30 से ज्यादा वॉलंटियर्स को तैनात किया था।


### उद्यानों में सकोरे रखने का संकल्प

तपती धूप में बेजुबान पक्षी भूखे-प्यासे ना रहे, इस बात भी ध्यान पक्षी प्रेमियों द्वारा गर्मी में हर साल रखा जाता है। इस कड़ी में लोगों को जोड़ने के लिए इस बार भी नेकी कर संस्था के युवाओं ने प्रयास शुरु किया है। बुधवार को वॉलंटियर्स ने 2000 से ज्यादा सकोरे व 3500 दाना पैकेट का वितरण किया। इस अभियान से जुड़ने वाले लोगों ने आस-पास के उद्यानों में भी सकोरा रखने के लिए लिए। साथ ही उसमें दाना-पानी उपलब्ध कराने का भरोसा भी दिलाया। संस्था ने लोगों को सकोरे के लिए अपने कार्यालय का भी एड्रेस दिया।

## गोल्ड, पोल्की, कुंदन व राजवाड़ा डिजाइन दुल्हनों की पसंद

# महंगे होते सोने ने बदला ट्रेंड, स्टोन की हैवी ज्लेवरी की बिक्री अधिक भा रही टर्की ज्वेलरी, इसमें नेकलेस संग ईयररिंग और अंगूठी भी समान

कार्नर न्यूज



**रायपुर।** इस बार भी शादियों के सीजन में गहनों के पैटर्न में बदलाव हुआ है, लेकिन इसकी वजह इस बार सोने-चांदी की बढ़ती कीमतें हैं। इनकी कीमतों में इजाफा होने के कारण लोग पूरी तरह से सोने से बने आभूषण लेने के स्थान पर रत्न जड़ित आभूषण खरीदना अधिक पसंद कर रहे हैं, ताकि उन्हें कम कीमत में शाही लुक मिल सके। लोग अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार ही वर-वधू के लिए गहने खरीदना पसंद करते हैं। इसलिए रत्न जड़ित गहने तैयार करवाते वक्त भी वे पारंपरिक डिजाइन को ही महत्व दे रहे हैं।



### कम भार, लेकिन हैवी लुक वाले ज्वेलरी की डिमांड

*सन एंड संस ज्वेलर्स के प्रबंधन के अनुसार, प्रत्येक व्यक्ति की अपनी अलग पसंद होती है। शादियों के सीजन में खरीदार अपनी परंपरा और संस्कृति के अनुसार गहने खरीदते हैं। वर्तमान में शादियों के लिए भी विभिन्न प्रकार के गहने हैं। इस बार हल्के वजन वाले हैवी लुके देते हुए ज्वेलरी की डिमांड है। यह देखने में हैवी और कैरी करने में हल्के होते हैं। राजस्थान के जयपुर से राजवाड़ी ज्वेलरी तैयार होकर आती है। इसे कुंदन, पोल्की के उपयोग से तैयार किया जाता है। वेडिंग सीजन में टर्की ज्वेलरी की डिमांड भी है। इसमें नेकलेस के साथ ईयररिंग और अंगूठी भी मिलते-जुलते डिजाइन में रहती है।*



### पीले सोने पर बारीक डिजाइन

यलो गोल्ड में चोकर और नेकलेस आता है। जिसमें गोल्ड पर विभिन्न प्रकार के डिजाइन किए जाते हैं। जिसे अन्य राज्यों के कारीगरों द्वारा तैयार किया जाता है। इसे पारंपरिक रुप से तैयार किया जाता है तथा विभिन्न रंगों का प्रयोग किया जाता है। इसे तैयार करने में लगभग 10 दिनों का समय लगता है, साथ ही इसमें बारीक काम किया जाता है। गौरतलब है कि शुद्ध सोना आमतौर पर लाल-पीला रंग होता है तथा पीला सोना अधिक चमकीला और गर्म रंग होता है। पीला सोना एक मिश्रित धातु है, जो तब बनती है जब शुद्ध सोने को तांबे और जस्ता के साथ मिलाया जाता है।

### पारंपरिक और फैशनेबल के ग्राहक अलग

*श्री जितेन्द्र ज्वेलर्स के संचालक जितेन्द्र गोल्छा ने बताया, शहर में दो प्रकार के खरीदार हैं। जिसमें पारंपरिक और फैशनेबल ज्वेलरी के अलग-अलग ग्राहक हैं। ग्रामीण और बुजुर्ग व्यक्तियों की पहली पसंद पारंपरिक गहने होते हैं, जिसमें केवल गोल्ड का काम किया होता है। वहीं फैशनेबल ज्वेलरी में पोल्की, कुंदन की ज्वेलरी शामिल है। डिजाइन के अनुसार ज्वेलरी की कीमत तय की जाती है, अधिक और बारीक डिजाइन होने पर कीमत में इजाफा होता है। दुकान में कोलकाता और बॉम्बे से ज्वेलरी तैयार कर मंगाया जाता है। बुधवार को 24 कैरेट सोने की कीमत 73800 रही, जिसमें एक गहने का वेट 35 से 40 ग्राम होने पर 3 लाख से कीमत शुरु होती है।*

## सिटी स्पोर्ट्स


## बॉक्स जंप करते हुए नहीं लगेगी चोट, बस इन टिप्स को करें फॉलो




बॉक्स जंप को एक बेहतरीन एक्सरसाइज माना जाता है, जो शरीर के निचले हिस्से की स्ट्रेंथ को बढ़ाता है। हालांकि, इसे करते हुए आपको कुछ छोटे-छोटे टिप्स को जरूर फॉलो करना चाहिए। जब हम वर्कआउट करते हैं तो कई तरह की अलग-अलग एक्सरसाइज को अपने रूटीन का हिस्सा बनाते हैं। इन्हीं में से एक है बॉक्स जंप। यह एक क्लासिक प्लायोमेट्रिक एक्सरसाइज है, जिसमें आपको ऊंचे बॉक्स पर कूदना होता है। इस एक्सरसाइज को लोअर बॉडी के लिए काफी अच्छा माना जाता है। इसे करने से क्वाड्रिसेप्स, हैमस्ट्रिंग सहित ग्लूट्स आदि निचले शरीर की मसल्स टारगेट होती हैं।

हालांकि, इस वर्कआउट को सही तरह से करना बेहद जरूरी होता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो इससे गिरने व चोट लगने का खतरा भी काफी बढ़ जाता है। इतना ही नहीं, एक बिगनर के लिए यह वर्कआउट इतना भी आसान नहीं है। वे आसानी से जंप नहीं कर पाते हैं और अगर करते भी हैं तो गलत पोश्चर व टेक्निक के कारण वे थक जाते हैं या फिर उन्हें चोट लग जाती है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको ऐसे कुछ छोटे-छोटे टिप्स के बारे में बता रहे हैं, जिन्हें अपनाकर आप सही तरह से बॉक्स जंप कर सकते हैं-

### सही तरह से करें वार्मअप



बॉक्स जंप एक हाई इंटेसिटी वर्कआउट है। इसलिए, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि इसे परफॉर्म करने से पहले सही तरह से वार्मअप जरूर किया जाए, अन्यथा चोट लगने का खतरा बना रहता है। जब आप वार्मअप करते हैं तो इससे मसल्स में ब्लड फ्लो बढ़ जाता है और इससे चोट लगने की संभावना कम हो जाती है। आप अपनी मसल्स और ज्वॉइंट्स को बॉक्स जंप के लिए तैयार करने के लिए डायनामिक स्ट्रेच और हल्का कार्डियो कर सकते हैं।

### कम हाइट से करें शुरुआत

जब आप बॉक्स जंप करते हैं तो बॉक्स की हाइट अपनी क्षमताओं के अनुसार चुन सकते हैं। हालांकि, हमेशा यह सलाह दी जाती है कि आपको शुरुआत हमेशा कम ऊंचाई वाले बॉक्स से करनी चाहिए। जब आप इसे करने में कंफर्टेबल और कॉन्फिडेंट होते जाए, तभी हाइट बढ़ाएं। लो बॉक्स से शुरू करने से आपको अपना बॉडी पोश्चर भी मेंटेन करने में काफी आसानी होती है।

### कोर स्टेबिलिटी को करें मेंटेन

जब आप बॉक्स जंप कर रहे हैं तो आपको कोर मसल्स को भी इसमें इनवॉल्व करें। इससे आपको मूवमेंट के दौरान अपनी बॉडी को स्टेबलाइज करने में मदद मिलती है और इससे चोट लगने का खतरा भी काफी कम हो जाता है। साथ ही साथ, यह आपकी पीठ के निचले हिस्से को स्ट्रेन से बचाने में भी मदद करेगा।

### फॉर्म का रखें ध्यान

अगर आप चाहते हैं कि बॉक्स जंप करते हुए आपको फॉर्म का खासतौर पर ख्याल रखना चाहिए। बॉक्स जंप के दौरान आपकी चेस्ट अप, शोल्डर पीछे और कोर को एंगेज रखना चाहिए। साथ ही साथ, जब आप बॉक्स पर कूदते हैं तो बहुत अधिक जोर ना लगाएं। इस दौरान आपके पैर फ्लैट होने चाहिए और घुटने को हल्का सा मोड़कर बॉक्स पर धीरे से उतरें। जंप करने के दौरान आप अपने आर्म्स का भी इस्तेमाल करें।



### पलकों के बाल झड़ने को कभी ना करें नजरअंदाज

# पलकों के बालों का झड़ना देता है इन बीमारियों का संकेत, सचेत रहें

पलकों के बालों के झड़ने के पीछे रख-रखाव के अभाव के साथ ही कई सारी शारीरिक समस्याएं जिम्मेदार हो सकती है, पर अक्सर हम इन्हें जाने-अनजाने नजरअंदाज कर देते हैं। ऐसे में यह लापरवाही हमारे लिए घातक भी हो सकती है। घनी लंबी पलकें हर किसी को अच्छी लगती हैं, पर क्या हो जब पलकों पर बाल ही न रहें। जी हां, हम बात कर रहे पलकों के बालों के झड़ने की समस्या के बारे में जो आजकल काफी आम हो चुकी है। ऐसे में इस बारे में जानकारी का होना आवश्यक है और हमारा यह आर्टिकल इस दिशा में छोटा सा प्रयास है। बता दें कि हमने इस बारे में महाराष्ट्र के शताब्दी हॉस्पिटल के स्किन एंड हेयर स्पेशलिस्ट डॉ. विप्लव कांबले से बात की और उनसे मिली जानकारी यहां हम आपके साथ शेयर कर रहे हैं। डॉ. विप्लव कांबले बताते हैं कि पलकों के बालों का आंशिक रूप से गिरना सामान्य है, पर अगर पलकों के बाल तेजी से गिर रहे हैं तो आपको इस बारे में सचेत होने की आवश्यकता है। ऐसा इसलिए क्योंकि यह गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं का भी संकेत हो सकता है।



### थायराइड

पलकों के बालों के झड़ने के पीछे थायराइड की समस्या जिम्मेदार हो सकती है। असल में हाइपोथायरायडिज्म में जब थायराइड ग्रंथि शरीर की जरूरत अनुसार थायराइड हार्मोन नहीं बना पाती है, तो ऐसे में बालों के विकास पर भी असर पड़ता है। हाइपोथायरायडिज्म की गंभीर स्थिति में बाल टूटकर झड़ने लगते हैं। पलकों के बालों के साथ भी कुछ ऐसा ही होता है, हाइपोथायरायडिज्म से पीड़ित व्यक्ति के पलकों के बाल तेजी से झड़ते हैं। इसलिए अगर आपके पलकों के बाल असामान्य रूप से झड़ रहे हैं तो आपको अपने थायराइड की जांच जरूर करानी चाहिए।

### मायस्थीनिया ग्रेविस

मायस्थेनिया ग्रेविस एक ऑटोइम्यून जनित समस्या है जिसमें तंत्रिकाओं और मांसपेशियों के बीच संप्रेषण टूट जाता है। ऐसे में मांसपेशियों में कमजोरी आ जाती है और चूंकि पलकें मांसपेशियों से जुड़ी होती हैं। इसलिए मांसपेशियों के कमजोर पड़ने पर पलकों के बाल टूटकर गिरने लगते हैं।



**बेल्स पॉल्सी:** बेल्स पाल्सी फेशियल नर्व से जुड़ी गंभीर समस्या है, जिसमें चेहरे की मांसपेशियां पूरी तरह से कमजोर पड़ जाती हैं। इसका काफी हद तक पलकों के बाल पर भी असर पड़ता है और इसके कारण पलकों को बंद करने में दिक्कत हो सकती है। साथ ही इस समस्या में पीड़ित व्यक्ति की पलकों के बाल भी असामान्य रूप से झड़ने लगते हैं। इसलिए अगर आपको पलकों से जुड़ी कोई समस्या पेश आ रही हैं तो आपको इसके लिए डॉक्टर से जरूर संपर्क करना चाहिए।

**लेप्रोसी:** लेप्रोसी यानी कुष्ठरोग जैसी त्वचा संबंधी गंभीर समस्या में भी पलकों के बालों के गिरने की समस्या पेश आती है। असल में ज्यादातर मामलों में कुष्ठरोग का असर आंखों और पलकों के आसपास देखने को मिलता है। ऐसी स्थिति में त्वचा की संवेदनशीलता खत्म हो जाती है और पलकों के बाल कमजोर होकर गिरने लगते हैं।

**एक्जिमा:** एक्जिमा एक तरह की त्वचा संबंधी समस्या है जिसमें स्किन में ड्राइनेस और खुजली होती है। वहीं अगर यह समस्या गंभीर हो जाए तो इसका असर बालों और पलकों पर भी देखने को मिलता है। इसके कारण भी पलकों के बालों के झड़ने की समस्या पेश आ सकती है।

**कैसे करें बचाव:** शारीरिक समस्याओं के साथ ही देख-देख के अभाव में भी पलकों के बालों के झड़ने की समस्या पेश आती है। इसलिए पलकों के बालों को झड़ने से बचाने के लिए कुछ सावधानियों का ध्यान रखना बेहद जरूरी है। चलिए उन सावधानियों के बारे में भी जान लेते हैं।

**मेकअप प्रोडक्ट के प्रयोग में बरतें सावधानी:** पलकों के ऊपर मस्कारा और दूसरे मेकअप प्रोडक्ट का अधिक इस्तेमाल करने से पलकों के बालों के फॉलिकल्स डैमेज हो सकते हैं। ऐसे में पलकें के बालों के झड़ने की समस्या पेश आ सकती है। इसलिए इससे बचने के लिए मेकअप प्रोडक्ट के प्रयोग में सावधानी बरतने की जरूरत होती है। रात में सोते वक्त फेस मेकअप के साथ ही आई मेकअप को भी अच्छी तरह से साफ करें, ताकि त्वचा संबंधी समस्याओं से बचाव हो सके।

**पलकों पर अतिरिक्त दबाव न डालें:** आंखों की सफाई करते वक्त पलकों पर अतिरिक्त दबाव न डालें, क्योंकि ऐसा करने से भी पलकों के बालों के फॉलिकल्स डैमेज हो सकते हैं। इसलिए कोशिश करें कि पलकों पर किसी तरह का दबाव न पड़े।



## संकेत, जो बताते हैं हमारा हाजमा सही है या नहीं

कई बार जब हम खाना नहीं पचा पाते (जिसे अपच कहते हैं), तो हमारे शरीर पर इसका उलटा असर होता है, जैसे एलर्जी में होता है। उसे खाद्य असहिष्णुता / खाने का न पचना / फूड इंटॉलरेंस कहते हैं। खाने को न पचा पाना वो होता है जब बहुत कॉमन बात है। खाने को न पचा पाना डाइजेस्टिव सिस्टम की प्रोसेस होती है। यह तब होती है, जब आप कुछ ऐसा खाते या पीते हैं, जिसे आपका शरीर नहीं तोड़ सकता या पचा नहीं पाता। फूड इंटॉलरेंस, दर्दनाक और असहज हो सकती है। हालांकि इससे लाइफ को कोई खतरा नहीं होता लेकिन कभी कभार खाना न पच पाने से कई समस्याएं हो सकती हैं। इसके लिए जरूरी है कि आप उन फूड को खाना बंद कर दें ताकि आगे चलकर ये समस्या न आएं।

फूड इंटॉलरेंस तब होता है जब खाने को पचाने के लिए पर्याप्त एंजाइम नहीं होते। उदाहरण के लिए अधिकतर लोगों को डेयरी प्रोडक्ट से फूड इंटॉलरेंस होती है। डेयरी प्रोडक्ट में लेक्टोस होता है और लेक्टेज एंजाइम की कमी के कारण जो लोग डेयरी प्रोडक्ट का सेवन करते हैं उनमें ये समस्या देखी जाती है।

फूड इंटॉलरेंस के कारण होने वाली समस्या के बारे में भी जान लीजिए, जिससे समझ जाएंगे कि जो खाना खाने के बाद ये समस्या हो रही हैं, उनका लिमिटेड मात्रा में सेवन करना चाहिए।

**सूजन और गैस:** न्यूयॉर्क शहर स्थित इंटर्निस्ट और गैस्ट्रोएंटरोलॉजिस्ट, एमडी, निकेत सोनपाल के मुताबिक, अत्यधिक सूजन और गैस, फूड इंटॉलरेंस के सबसे आम लक्षणों में से हैं।

हाई फाइबर भोजन के बाद थोड़ी सूजन और गैस आम



है। लेकिन जब ये लक्षण असहज या दर्दनाक हो जाते हैं और हर बार जब आप एक निश्चित भोजन खाते हैं, उसके बाद ही ऐसा होता है तो ये फूड इंटॉलरेंस है।

हालांकि यह हर किसी को नहीं होता। सूजन और गैस अक्सर लैक्टोज असहिष्णुता या गाय के दूध उत्पादों में चीनी (लैक्टोज) को पूरी तरह से पचाने में असमर्थता के संकेत होते हैं। क्योंकि लैक्टोज असहिष्णुता, असहिष्णुता का सबसे आम प्रकार है। यदि लैक्टोज असहिष्णुता सूजन का कारण है, तो दूध, दही, पनीर और आइसक्रीम जैसे डेयरी उत्पाद खाने या पीने के कुछ घंटों बाद भी आपको पेट दर्द या दस्त का अनुभव हो सकता है।

**पेट दर्द :** आमतौर पर बहुत अधिक सूजन और गैस के साथ, पेट दर्द इंटॉलरेंस का एक और विशिष्ट संकेत है। पेट दर्द हर किसी में अलग-अलग होता है। अगर किसी को फूड इंटॉलरेंस है तो उसमें पेट दर्द आमतौर पर मध्य और निचले पेट में ऐंठन जैसा महसूस होता है।

**अतिसार/दस्त :** जब शरीर कुछ खाद्य पदार्थों को पचा या तोड़ नहीं सकता है, तो दस्त लगना सबसे कॉमन समस्या है। श्यदि आपको खाने के बाद बार-बार दस्त हो रहे हैं, तो आपको कुछ खाद्य पदार्थों के लिए पाचन क्रिया खराब हो सकती है। इसलिए अगर आपको कुछ खाने के बाद कुछ समय बाद दस्त की समस्या होती है, तो इसका मतलब है कि यह फूड इंटॉलरेंस का संकेत है।



## हनुमान जयंती पर इन पत्तों की माला को करें अर्पित, बजरंगबली होंगे प्रसन्न



हनुमान जयंती का खास पर्व आने वाला है। इस दिन हिंदू धर्म में भगवान हनुमान जन्म का उत्सव मनाया जाता है। हनुमान जयंती के अवसर पर भगवान हनुमान जी की खास विधि से पूजा-अर्चना की जाती है। इस दिन हनुमान जी को स्नान करवा कर उन्हें सिंदूर और घी का चोला चढ़ाया जाता है। कुमकुम, चंदन और फूल अर्पित करने के साथ-साथ उन्हें पीपल, पान, तुलसी और आंकड़े के पत्तों से माला भी बनाकर चढ़ाया जाता है।

### पान के पत्तों की माला

किसी भी शुभ कार्यों में पान के पत्ते का विशेष महत्व है। लगभग सभी पूजा-अनुष्ठानों में पान के पत्तों का उपयोग किया जाता है। संस्कृत भाषा में पान के पत्ते को तांबूल कहा गया है, इसकी उत्पत्ति समुद्र मंथन के साथ हुआ है इसलिए इसे और भी ज्यादा पवित्र माना गया है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार पान के पत्ते की माला बनाकर उसमें राम-राम लिखकर हनुमान जी को चढ़ाने से जीवन में चल रही तमाम तरह के बाधाओं से मुक्ति मिलती है।

### आंकड़े के पत्तों की माला

आंकड़े का फूल भगवान शिव को बहुत प्रिय है, वहीं इसके पत्ते से बनी माला हनुमान जी को बहुत प्रिय है। मान्यता है कि हनुमान जी को आंकड़े के पत्तों में राम-राम लिखकर माला बनाकर हनुमान जी को चढ़ाने से जीवन में चल रही परेशानी और बाधाओं से मुक्ति मिलती है। हनुमान जी को राम नाम बहुत प्रिय है और जब आप उन्हें आंकड़े के पत्ते में सिंदूर से राम नाम लिखकर माला पहनाते हैं, तो हनुमान जी भक्त के ऊपर अपनी कृपा बनाए रखते हैं।

### तुलसी के पत्तों की माला

तुलसी का पत्ता भगवान विष्णु को ही नहीं हनुमान जी को बहुत प्रिय है। ऐसे में यदि आप उन्हें तुलसी के पत्ते और मंजरी से माला बनाकर पहनाते हैं, तो हनुमान जी अपने भक्तों पर सदैव अपनी कृपा दृष्टि बनाए रखते हैं। हनुमान जी को तुलसी-पत्र और मंजरी बहुत पसंद है, इसलिए आप हनुमान जयंती के दिन बजरंगबली की विशेष कृपा पाने के लिए तुलसी की माला जरूर चढ़ाएं।

## इस ग्रह के कमजोर होने पर गलत राह पर चलने लगता है इंसान



हम सभी ने शनि के प्रकोप के बारे में सुना है और हमें शनि के प्रकोप से डर भी लगता है। मगर कभी आपने सोचा है कि आखिर यह पता कैसे चलेगा कि आप पर शनि का प्रकोप चल रहा है?

इस विषय पर भोपाल के ज्योतिषाचार्य पंडित विनोद सोनी कहते हैं, "शनि के कमजोर होने पर सबसे पहले व्यक्ति का स्वभाव बदल जाता है। अगर आप भी गलत राह पर चलने लगे हैं और न चाहते हुए भी आपसे सब कुछ गलत होता जा रहा है और आप अपने से बड़ों को दुखी कर रहे हैं, तो यह जान जाएं कि शनि कमजोर है और उसके प्रकोप से आपको कोई नहीं बचा सकता है।"

पंडित जी कहते हैं, "ईश्वर हमें गलत करने की प्रेरणा नहीं देते हैं, यह हमारा स्वार्थ होता है, जो हमें गलत करने पर मजबूर कराता है। इसलिए हम एक गलती करते हैं और सोचते हैं कि कोई बात नहीं किसी को क्या पता चलेगा और फिर यही सोचते-सोचते हजारों गलतियां कर बैठते हैं। पाप का घड़ा जब भरता है, तब ईश्वर हमें सबक सिखाता है। शनि का काम ही कर्मो का फल देना होता है। यदि आपके कर्म बुरे होते हैं तो आपको उसकी सजा मिलती है और अच्छे होते हैं तो उसका मीठा फल मिलता है।"इसलिए बहुत जरूरी है कि आप शनि के कमजोर होने पर उसे मजबूत बनाने के उपाय करें।

### शनि के कमजोर होने के लक्षण

जातक का बिना बात के तनाव में रहना। किसी से बात न करने की इच्छा और ज्यादा क्रोध आना शनि के कमजोर होने का सबसे पहला लक्षण होता है। जब आपको अपने से बड़ों के सम्मान की चिंता न हो और आप उनका बात-बात पर अपमान कर देते हों। अपने से बड़ों की बात न सुनना और अपने से बड़ों को दुख पहुंचाना भी शनि के कमजोर होने के संकेत है। किसी के सही दिशा दिखाने के बाद भी आप अगर हमेशा गलत राह को ही अपनाएं। नुकसान होने के बाद भी अगर आपको उसका अहसास न हो तो समझ जाएं कि शनि का प्रकोप आपको झेलना पड़ेगा। सब कुछ सही होने के बावजूद जब मनुष्य की बुद्धि भ्रष्ट हो जाती है और वह अपने लिए ही गड्ढा खोदने लगता है।

तो यह भी शनि के कमजोर होने

# फिल्मों में फिट दिखने के लिए करते हैं कड़ी मेहनत, जानें स्टार्स का डाइट प्लान

बॉलीवुड स्टार्स अपनी फिटनेस को लेकर काफी एक्टिव रहते हैं। स्टार्स अपनी बॉडी और अपनी स्किन का सबसे ज्यादा ध्यान रखते हैं। वो हमेशा ही अपनी डाइट में प्रोटीन वाली चीजों को शामिल करते हैं, जिसकी वजह से वो अपने आप को फिट रख पाते हैं। आपने अक्सर देखा होगा कि सेलिब्रिटी की फिटनेस और उनकी स्किन उनकी उम्र को छिपा देती है। तो चलिए जानते हैं स्टार्स की फिटनेस का राज।

**रितिक रोशन:** मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबित ऋतिक रोशन का एनर्जी लेवल देखकर ऐसा नहीं लगता है कि वह 40 से ज्यादा हो चुके है। ऋतिक की फिल्म फाइटर इसी साल रिलीज हुई है। इस फिल्म के लिए ऋतिक ने कड़ी डाइटिंग की थी। ऋतिक की डाइटिंग की बात करे तो वह नाश्ते में 4 अंडे, 2 ब्राउन ब्रेड, प्रोटीन शेक और खूब सारे ताजा फल खाते हैं। इसके बाद लंच में वह पूरा देशी खाना खाते है, जो आम लोग खाते हैं। ऋतिक के मील में वेज के साथ नॉन वेब भी शामिल रहता है। पूरे दिन में वह छह बार कुछ ना कुछ खाते रहते हैं। वर्कआउट के 45 मिनट बाद ऋतिक कुछ भी खाते हैं।

**विक्की कौशल:** विक्की कौशल 35 साल के हैं। वह जल्द ही पीरियड ड्रामा फिल्म 'छावा' में नजर आएंगे। अभिनेता दिन में 6 मील लेते हैं। इतना ही नहीं एक आम आदमी जहां दिन में 2000 कैलोरी लेता है, वहीं इसके उल्टाअभिनेता एक दिन में 6000 कैलोरी लेते हैं।



**मलाइका अरोड़ा:** बॉलीवुड एक्ट्रेस मलाइका अरोड़ा कर तो देखकर बिल्कुल भी नहीं लगात है कि नह पूरे 50 साल की हो गई हैं। एक्ट्रेस इस उम्र में भी खुद को इतना फिट रखा है कि सब उनकी फिटनेस को लोग नसीहत के तौर पर दूसरो को देते हैं। मलाइका अपनी फिटनेस को लेकर हमेशा चर्चा में रहती हैं। एक्ट्रेस की कर्व बॉडी के लिए वह पूरी तरह से प्रोटीन डाइट को फॉलो करती हैं। मल्लिका वेज और नॉन वेज दोनों फूड खाती हैं। लेकिन दिन की शुरुआत वह एक गिलास गर्म पानी, नींबू और शहद के साथ करती हैं।

**अक्षय कुमार:** बॉलीवुड खिलाड़ी अक्षय कुमार अपनी फिटनेस का कितना ध्यान रखते हैं यह बात तो सभी जानते हैं। अक्षय अपने दिन की शुरुआत योग और कार्डियो एक्सरसाइज के साथ करते हैं। जब डाइट की बात आती है, तो वह एक बैलेन्स्ड डाइट में विश्वास रखते हैं। अक्षय सुबह एक्सरसाइज करने के बाद जमकर पराठा खाते हैं और दूध पीते हैं।

**दिशा पाटनी:** 31 साल की दिशा पाटनी देखने में बेहद ही फिट और हॉट अभिनेत्रियों में से एक हैं। उनकी फिटनेस के लिए वह कड़ी मेहनत करती हैं। दिशा दिन में दो बार जिम जाती है। साथ ही वह कराटे क्लास के अलावा किक बॉक्सिंग भी करती हैं।







## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम की कहानी बड़े परदे पर



पियर्स ब्रॉसनन अपनी आगामी फिल्म को लेकर सुर्खियों में आ गए हैं। वे जल्द ही जाइंट नाम की फिल्म में नजर आने वाले हैं। इसमें वे ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद के ट्रेनर की भूमिका में दिखेंगे।पियर्स ब्रॉसनन जल्द ही ब्रिटिश-यमनी मुक्केबाज प्रिंस नसीम 'नाज' हमीद की बायोपिक में नजर आने वाले हैं। स्पोर्ट्स ड्रामा फिल्म 'जाइंट' में वे अमीर अल-मसरी के साथ अभिनय करते दिखेंगे। फिल्म की कहानी बॉक्सिंग चैंपियन और उनके आयरिश मूल के बॉक्सिंग ट्रेनर ब्रेंडन इंगले के इर्द गिर्द बुनी गई है। फिल्म में अल-मसरी नाज की भूमिका निभाएंगे और ब्रॉसनन इंगल के किरदार को पर्दे पर निभाते हुए दिखेंगे। इसका निर्देशन रोवन अथाले करेंगे। फिल्म की कहानी भी उन्होंने ही लिखी है। टी शॉप प्रोडक्शंस के मार्क लेन और व्हाइट स्टार प्रोडक्शंस के केविन सैम्पसन इस फिल्म का निर्माण करेंगे। एजीसी के अध्यक्ष और सीईओ स्टुअर्ट फोर्ड भी फिल्म के निर्माताओं में से एक हैं। एजीसी स्टूडियोज और बॉन्डइट मीडिया कैपिटल ने इस फिल्म में पैसा लगाया है। वहीं, कार्यकारी निर्माता के रूप में बाल्बोआ प्रोडक्शंस के सिल्वेस्टर स्टेलोन और ब्रैडेन आफ्टरगुड, एजीसी स्टूडियो के मिगुएल पालोस, जैच गैरेट और अनंत टैमीरिसा, बॉन्डइट के मैथ्यू हेल्डरमैन, ल्यूक टेलर और टायलर गोल्ड, माइकल इविंग और टू ब्रिट के जिगी कामसा इस फिल्म से जुड़े हुए हैं। कामासा के टू ब्रिट एंटरटेनमेंट ने यूके में फिल्म के वितरण अधिकार हासिल कर लिए हैं और एजीसी इंटरनेशनल के पास इस फिल्म के अंतर्राष्ट्रीय वितरण की जिम्मेदारी है। जानकारी के मुताबिक इस प्रोजेक्ट की शूटिंग अप्रैल के अंत में इंग्लैंड के लीड्स में शुरू होने वाली है। मूल रूप से माल्टा में इसकी शूटिंग निर्धारित थी, लेकिन बाद में इसे बदल दिया गया।

### टॉलीवुड

## दिवंगत अभिनेता विजयकांत को 'जिंदा' किया एआई ने



फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में दिवंगत अभिनेता विजयकांत का कैमियो देखने को मिलेगा। इस बात का खुलासा खुद उनकी पत्नी प्रेमलता विजयकांत ने किया है। सुपरस्टार दलपति विजय की फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' बेहद खास होने वाली है। इस फिल्म में दर्शकों को कुछ ऐसा देखने को मिलेगा, जो उन्होंने पहले कभी नहीं देखा होगा। चर्चा है कि इस फिल्म में एआई का इस्तेमाल करके एक दिवंगत अभिनेता का कैमियो रोल शामिल किया जाएगा। दरअसल, फिल्म 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' में दिवंगत अभिनेता विजयकांत का कैमियो देखने को मिलेगा। इस बात का खुलासा खुद उनकी पत्नी प्रेमलता विजयकांत ने किया है। हाल ही में दिए एक साक्षात्कार में प्रेमलता ने बताया कि इस फिल्म में एआई के जरिए उनके पति को शामिल किया जाएगा। वे कैमियो करते नजर आएंगे। प्रेमलता ने बताया कि फिल्म के निर्देशक वेंकट प्रभु ने इसके लिए कई बार उनसे अनुमति मांगी थी। इस सिलसिले में वे कई बार प्रेमलता के घर भी आए थे। वहीं, फिल्म में मुख्य भूमिका निभा रहे विजय भी चुनाव के बाद उनसे मुलाकात करने वाले थे। मालूम हो कि प्रेमलता डीएमडीके पार्टी की अध्यक्ष हैं। इन दिनों वे लोकसभा चुनाव 2024 के चलते प्रचार में व्यस्त हैं। 'द ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर दर्शक पहले से ही काफी उत्सुक हैं। ऐसे में, एआई द्वारा तैयार विजय के कैमियो को देखने के लिए उनका उत्साह दोगुना हो गया है। हाल ही में, इस फिल्म का पहला गाना 'व्हिसल पोडु' भी रिलीज हो चुका है। इस फिल्म का निर्देशन वेंकट प्रभु ने किया है। फिल्म 5 सितंबर, 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

### छॉलीवुड

## छत्तीसगढ़ी फिल्म माई का लाल रुद्र आएगी बड़े परदे पर 10 को



अभिनेत्री हेमा शुक्ला और दीपक कुमार अभिनीत छत्तीसगढ़ी फीचर फिल्म माई का लाल रूद्र 10 मई को छत्तीसगढ़ के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म के निर्माता दीपक जिंदवानी और निर्देशक सुभाष जायसवाल हैं। फिल्म संगीत संजय मैथिल और परवेज खान ने दिया है । फिल्म की खासियत इसका एक्शन और गीत संगीत हैं। फिल्म के एक्शन दृश्यों को निर्देशित किया है मधु अन्ना और जॉनसन अरुण ने। फिल्म के एसोसिएट डायरेक्टर प्रभाकर बर्मन है, गीतों को कोरियोग्राफ किया है संजू तांडी, शिवाशीष और दिलीप बैस ने। इस फिल्म में सलीम अंसारी, उपासना वैष्णव, सेवक राम यादव और विनय अम्बष्ट के साथ ढेर सारे कलाकारों का अभिनय देखने को मिलेगा। जबरदस्त गीत, संगीत, धमाकेदार एक्शन, कॉमेडी और पारिवारिक ड्रामा के साथ भरपूर मनोरंजन की गारंटी है माई का लाल रूद्र में। फिल्म की रिलीज की तैयारी चल रही है। छत्तीसगढ़ी फिल्म गुईयां के बाद अभिनेत्री हेमा शुक्ला इस फिल्म में नजर आएगी।

## स्वप्नलोक की सैर

लाइफ स्टाइल



पेरिस में गर्मी के बीच वह एक ऐसी शाम थी जब परीकथा का दृश्य सजीव हो उठा। यहां फ्रांसीसी और इतालवी हाउट-कॉचर हाउसों ने अपने नवीनतम संग्रह दिखाने के लिए पेरिस की गर्मी को नजर अंदाज कर दिया। मिलान में भी तापमान नब्बे के दशक के मध्य तक पहुंच गया था, जहां, डोल्से और गब्बाना के वातानुकूलित एटेलियर में, डिजाइनरों और सीमस्ट्रेस ने कंपनी के हाउते कॉउचर के संस्करण, अल्टा मोडा संग्रह को पूरा करने के लिए रात में काम किया था। फूलों की थीम पर आधारित यह शो बेहद पसंद किया गया।

## वैक्सिंग के बाद रूखे हो जाते हैं हाथ-पैर तो इन चीजों का करें इस्तेमाल

गर्मी का मौसम शुरू हो गया है। ऐसे में लोगों की त्वचा में भी कई तरह के बदलाव होने लगते हैं। महिलाएं इस मौसम में अपनी त्वचा का खास ध्यान रखती हैं, लेकिन फिर भी कुछ न कुछ परेशानी सामने आती रहती है। खूबसूरत दिखने के लिए महिलाएं अपने शरीर से अनचाहे बालों को हटाती हैं। इसके लिए वैसे तो कई तरह की हेयर रिमूवल क्रीम बाजार में मिल जाती है, लेकिन महिलाओं को अनचाहे बाल हटाने के लिए वैक्सिंग सबसे सही विकल्प लगता है।

**घी:** त्वचा पर घी लगाने से स्किन की काफी परेशानी कम हो जाती हैं। अगर वैक्सिंग के बाद आपकी त्वचा में जलन हो रही है, और त्वचा रूखी हो गई है, तो भी आप घी का इस्तेमाल कर सकते हैं। इससे आपको तत्काल राहत मिलेगी।

**एलोवेरा:** एलोवेरा में मौजूद तत्व त्वचा को ठंडक पहुंचाने का काम करते हैं। ऐसे में वैक्सिंग के बाद आप अपनी त्वचा पर एलोवेरा लगा सकते हैं। इससे त्वचा काफी मुलायम हो जाती है। ck

**गुलाब जल और ग्लिसरीन :** इन दोनों चीजों को मिलाकर अगर आप त्वचा पर लगाएंगे, तो आपको स्किन के रूखेपन से राहत मिलेगी। ये त्वचा की कई अन्य परेशानियों को भी कम करने में मदद करता है।



**मलाई:** अगर आपके फ्रिज में मलाई रखी है, तो त्वचा को मुलायम बनाने के लिए आप मलाई का इस्तेमाल कर सकती हैं। मलाई के इस्तेमाल से आपकी स्किन बहुत ही ज्यादा सॉफ्ट हो जाती है।

## गर्मियों में ये फैब्रिक आपको रख सकते हैं कूल, इंडियन और वेस्टर्न



फैशन

गर्मियों के सीजन में महिलाएं कपड़े बड़े ही सोच-समझ के पहनती हैं। ऐसा इसलिए हैं क्योंकि महिलाएं चाहती हैं कि वो समर सीजन में ऐसा आउटफिट पहने जो कंफर्टेबल हो और साथ इस आउटफिट को कैरी करना आसान हो। गर्मियों के सीजन में सबसे ज्यादा पसीना आता है साथ ही धूप की वजह से महिलाएं एक कूल आउटफिट की तलाश में होती हैं। बाजार में गर्मियों में पहनने के लिए कई सारे आउटफिट मिल जाएंगे लेकिन इस दौरान इस आउटफिट के फैब्रिक का खास ध्यान रखना चाहिए। हम आपको कुछ ऐसे फैब्रिक के बारे में बताने जा रहे हैं जिनसे बने आउटफिट गर्मियों में पहनने के लिए बेस्ट हैं। वहीं इस फैब्रिक से बने आउटफिट में कूल और स्टाइलिश भी नजर आएंगी।



**कॉटन:** गर्मियों के सीजन में कॉटन से बने आउटफिट बेस्ट हैं। इस फैब्रिक से बने कपडें पतले होते हैं और इस फैब्रिक का कपड़ा पसीना सोक लेता हैं। इसी वजह से इस फैब्रिक के बने कपडें समर सीजन के लिए बेस्ट हैं। कॉटन से बने कई सारे आउटफिट आपको आसानी से बाजार में मिल जाएंगे। समर सीजन में आप कॉटन की बनी कुर्ते, साड़ियां और सूट आप अपने वार्डरोब में शामिल कर सकती हैं और मिनिमल ज्वेलरी के साथ स्टाइल करके वियर कर सकती हैं।

**लिनन:** लिनन से बने कपड़ों की मांग कॉटन के कपडें से बाद सब से ज्यादा है और इसी वजह से हैं लिनन से बने आउटफिट गर्मियों सीजन में पहनने के बेस्ट ऑप्शन हैं। लिनन का कपड़ा नेचुरल फाइबर से बना होता साथ ही इस कपडें की खासियत ये हैं समर सीजन में इससे बने आउटफिट आपको कूल रखते हैं। लिनन फैब्रिक से बने टॉप, पैंट्स, साड़ी समेत कई सारे आउटफिट आपको आसानी से बाजार में सस्ते दाम में मिल जाएंगे जिन्हें आप कई सारे मौकों पर वियर कर सकती हैं।

## लहंगा स्कर्ट ड्रेस के साथ स्टाइल करें ये ज्वेलरी, लुक लगेगा अट्रैक्टिव

पार्टी हो या कोई खास फंक्शन हम किसी भी जगह पर जाने के लिए तैयार होते हैं तो अलग-अलग डिजाइन के आउटफिट को वियर करते हैं। लेकिन यह लुक अच्छा तभी लगता है जब आप इसके साथ ज्वेलरी को वियर करते हैं। ऐसे में अगर आप लहंगा स्कर्ट को वियर कर रही हैं तो इसके साथ आप अलग-अलग डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें। इससे आपका लुक अच्छा लगेगा। चलिए आपको बताते हैं किस तरह की ज्वेलरी को आप वियर कर सकती हैं।



### लीफ डिजाइन चेन पेंडेंट

अगर आप सिंपल लुक क्रिएट करना चाहते हैं तो इसके लिए आप लीफ डिजाइन वाले चेन पेंडेंट को वियर कर सकती हैं। इसमें आपको चेन के साथ एक लीफ डिजाइन वाला पेंडेंट मिलेगा। इसे आप सिल्वर, गोल्डन या ब्रॉन्ज हर कलर में खरीद सकती हैं। यह ब्लैक कलर लहंगा स्कर्ट के साथ अच्छा लगेगा। साथ ही स्टाइलिश लुक क्रिएट करेगा। इस तरह के पेंडेंट आपको मार्केट में 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे।

### पर्ल स्टड इयररिंग्स

अगर आप कुछ ज्यादा हैवी वियर नहीं करना चाहती तो आप अपनी ड्रेस के साथ पर्ल स्टड इयररिंग्स को वियर कर सकती हैं। पर्ल का फैशन ट्रेंड अभी काफी चल रहा है और ड्रेस के साथ यह अच्छे लगते हैं। इसमें आप छोटे और बड़े हर तरह के पर्ल इयररिंग्स को खरीदकर पहन सकती हैं। मार्केट में इस तरह के इयररिंग्स आपको 100 से 200 रुपये में मिल जाएंगे, जो डार्क कलर ड्रेस के साथ अच्छे लगेंगे।

## समर में साड़ी के साथ वियर करें कॉटन ब्लाउज, मिलेगी तारीफ

साड़ी के साथ हम अक्सर ब्लाउज पहनते हैं। लेकिन आजकल के बदलते फैशन ट्रेंड के हिसाब से लड़कियां प्लाजो के साथ ब्लाउज, जैकेट सेट के साथ भी ब्लाउज को वियर करना पसंद करती हैं। यही वजह है कि आजकल बाजार में कई सारे लेटेस्ट डिजाइंस के ब्लाउज आ गए हैं। जिन्हें रेडीमेड खरीदकर वियर किया जा सकता है। लेकिन अगर आप कपड़ा लेकर इसे तैयार करते हैं तो उसमें फिटिंग अलग आती है। ऐसे में आप इस बार कॉटन फैब्रिक के बने अलग-अलग ब्लाउज डिजाइन को ट्राई करें। इसमें आपका लुक अलग लगेगा।



### कट वर्क कॉटन ब्लाउज

कट वर्क डिजाइन की साड़ी आपने कई पहनी होगी। लेकिन आजकल आपको यह फैब्रिक ब्लाउज के भी बाजार में मिल जाएगा। जिससे आप कॉटन का ब्लाउज रेडी करा सकती हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि गर्मी में कॉटन अच्छा होता है और पहनने में कंफर्टेबल रहता है। इसमें आप किसी भी कलर को कॉटन फैब्रिक में लेकर अपनी पसंद का डिजाइन वाला ब्लाउज तैयार करा सकती हैं ।

### कॉलर डिजाइन कॉटन ब्लाउज

अगर आपको कॉलर डिजाइन वाले ब्लाउज पहनना पसंद है तो इस तरह के ब्लाउज भी आप कॉटन फैब्रिक को खरीदकर तैयार करा सकती हैं। इस तरह के डिजाइन वाले ब्लाउज भी बनने के बाद अच्छे लगते हैं। इसमें फ्रेंच कॉलर तैयार किया जाता है और स्लीव्स हाफ बनाई जाती है। जिससे ब्लाउज सिंपल के साथ-साथ फैंसी लगता है। आप चाहें तो इस तरह के ब्लाउज मार्केट से जाकर 250 से 500 रुपये में खरीद सकती हैं।

**कार्नर न्यूज**

## कोरियन स्टाइल स्किन केयर कर सकते हैं आप भी, जानिए आसान टिप्स

# कोरियन स्किन केयर सिर्फ महिलाओं तक नहीं, पुरुषों के लिए भी बना फैशन

*कोरियन स्किन केयर आजकल सेल्फ केयर में सबसे कॉमन वर्ड बन चुका है। लेकिन अक्सर कोरियन स्किन केयर को महिलाओं से जोड़कर देखा जाता है। पर अब नहीं। पुरुष भी कोरियन स्किन केयर को अच्छे से इस्तेमाल कर सकते हैं और स्किन को बेहतर भी कर सकते हैं। ये काम कठिन बिलकुल नहीं है। लेकिन हां, ये उन पुरुषों के लिए ही है जो सच में स्किन केयर पर समय देते हैं। ये उनके लिए बिल्कुल नहीं है जो सिर्फ अच्छे कपड़े पहनकर और डियो छिड़क कर चल देते हैं। पुरुषों के लिए 10 स्टेप में समझिए कोरियन स्किन केयर का सही तरीका।*



कोरियन स्किन का त्वचा पर असर जल्दी दिखता है लेकिन इसको इस्तेमाल करने में समय भी देना पड़ता है। क्या और कैसे करना होगा जानते हैं-

**कोरियन स्किन केयर है क्या:** कोरियन मानते हैं कि आप अपना भविष्य अपने चेहरे में देख सकते हैं। इसलिए वो अपने चेहरे पर खूब ध्यान देते हैं। इसमें हायड्रेशन, पोषण और सुरक्षा सबकुछ शामिल होता है। ये लम्बी प्रकिया होती है लेकिन एक बार लाइफस्टाइल में शामिल हो जाने के बाद इसको आजमाना दिक्कत नहीं देता है।

**ऑयल क्लींजर का असर:** कोरियन स्किन केयर का ये पहला स्टेप है। इसमें ऑयल बेस्ड क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है जो स्किन से प्रदूषण और गंदगी को निकाल देता है। इससे स्किन को तेल का पोषण भी मिलता है जो अंदर तक स्किन को रिलैक्स भी कर देता है। इससे सुबह या रात को सोने से पहले मसाज करें।

**डबल क्लींजिंग है जरूरी:** ऑयल बेस्ड क्लींजिंग के बाद कोरियन स्किन केयर में डबल क्लींजर का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए वॉटर बेस्ड क्लींजर ही इस्तेमाल करें। दरअसल माना जाता है वॉटर बेस्ड क्लींजर, पानी से जुड़ी अशुध्दता को कम करते हैं। इसको सुबह या रात में सर्कुलर मोशन में लगाएं।

**एक्सफोलिएटर भी चाहिए:** कोरियन स्किन केयर में एक्सफोलिएटर के तौर पर अखरोट, चावल या नमक का इस्तेमाल किया जाता है लेकिन ये उनके लिए अच्छा है जिनकी स्किन ड्राई है। लेकिन इससे अलग बाकी लोगों को लेक्टिक एसिड, ग्लौकोलिक एसिड इस्तेमाल करने की सलाह दी जाती है।

जिसके साथ अच्छे से डेड स्किन हट जाती है। डेड स्किन हटती है तो जरूरी पोषण तत्व अच्छे से असर कर पाते हैं। इसको हफ्ते में दो बार शाम को इस्तेमाल करें।

